● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 331, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 20 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



25 एकड़ में अफीम की खेती नष्ट की गई : बीरेन 5

लखनऊ की कप्तानी संभाल सकते हैं ऋषभ 6

## महाकुंभ मेले में आग, गीता प्रेस के 180 कॉटेज जले

### खाना बनाते वक्त सिलेंडर ब्लास्ट की आशंका, एक घंटे में काबू पाया, सीएम योगी पहुंचे



**प्रयागराज।** आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियां भेजी गई थीं, जिन्होंने आग पर एक घंटे में काबू पाया। एक संन्यासी के एक लाख रुपए के नोट भी जल गए। मेला सीएफओ (चीफ फायर ऑफिसर) प्रमोद शर्मा ने बताया कि आग से करीब 500 लोगों को बचाया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल पर पहुंच कर हालात का जायजा लिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी सीएम योगी को फोन कर घटना की पूरी जानकारी ली। आग लगने की घटना से कुछ देर पहले ही उन्होंने हेलिकॉप्टर से महाकुंभ मेला क्षेत्र का जायजा लिया था।

फायर ऑपरेशन के लिए तैनात है एडब्ल्यूटी 50 फायर फाइटिंग पोस्ट महाकुंभ नगरी में फायर ऑपरेशंस के लिए एडवांस्ड फीचर वाले 4 आर्टिकुलेटिंग वाटर टावर तैनात की गई हैं। इनमें वीडियो-थर्मल इमेजिनिंग जैसा एडवांस सिस्टम है। इसका इस्तेमाल बहुमंजिली और ऊंचाई वाले टेंट की आग बुझाने के लिए किया जाता है। एलब्ल्यूटी35 मीटर की ऊंचाई तक आग बुझा सकती है।

महाकुंभ मेला क्षेत्र को फायर फ्री बनाने के लिए यहां 350 से ज्यादा फायर ब्रिगेड, 2000 से ज्यादा ट्रेंड मैनपावर, 50 अग्निशमन केंद्र और 20 फायर पोस्ट बनाए गए हैं। अखाड़ों और टेंट में फायर प्रोटेक्शन इक्विपमेंट लगाए गए हैं।

गीता प्रेस के ट्रस्टी कृष्ण कुमार खेमका ने बताया, लगभग 180 कॉटेज बने हुए थे। हमने बहुत सावधानी से बनाया था। सभी को मना किया गया था कि किसी प्रकार का अग्नि का कोई काम ना करें। जहां हमने सीमा बनाई उसके पार सर्कुलेटिव एरिया घोषित किया गया था। पता नहीं प्रशासन ने वह जगह किसे दी... उस तरफ से अग्नि की कोई चीज हमारे तरफ आई और आग फैल गई। हमारा कुछ नहीं बचा सब खत्म हो गया। हमारी रसोई टीन शेड की थी, पक्की थी।

उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने गीता प्रेस से जुड़े लोगों से मुलाकात की। उन्होंने अग्निकांड से हुए नुकसान का भी जायजा लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से महाकुंभ मेला क्षेत्र में आग लगने की घटना की पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि कुशल फायर ब्रिगेड एवं एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। कोई हताहत नहीं हुआ है, किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। स्थिति नियंत्रण में है।

डिप्टी कमांडेंट ने बताया कि फाइनल जांच चल रही है। अभी तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। गीता प्रेस के पास कुछ कैंप में आग लगी थी, उसको काबू कर लिया गया है। अंतिम जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

बरेली की रहने वाली महिला ने बताया- आधे घंटे पहले पटाखे की आवाज आई। आग कैसे लगी है। हमको नहीं पता। आग लगने की वजह से सबको वहां से हटा दिया गया। लगातार पटाखे जैसी आवाज आ रही है।

महाकुंभ मेले के सेक्टर- 19 में लगी आग सेक्टर- 20 तक पहुंच गई। आसमान में धुएं का गुबार देख अफरा-तफरी मच गई। धर्म संघ का शिविर बताया जा रहा है। 50 से ज्यादा शिविर अभी तक चपेट में आ चुके हैं। गीता प्रेस गोरखपुर का शिविर भी चपेट में आ गया है।

## पीएम के फिटनेस और स्वास्थ्य के विज़न का अहम हिस्सा है फिट इंडिया मूवमेंट : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हम खेल और खिलाड़ियों के समग्र विकास के लिए कटिबद्ध होकर प्रयास कर रहे हैं। हम सच्ची खेल भावना के साथ इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत आज प्रदेश के पहले फिट इंडिया क्लब की शुरूआत हुई है। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के फिटनेस और स्वास्थ्य को लेकर विज़न का एक अहम हिस्सा है। फिट इंडिया क्लब बनाने की बात अब पूरे प्रदेश में सकारात्मक रूप से गांव-गांव तक जाएगी। इससे बच्चे और बुजुर्ग सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे। उन्होंने कहा कि खेल को हमारी सरकार ने अब एक पाठ्यक्रम (विषय) बना दिया है। छात्र इस विषय में शिक्षा ग्रहण कर व्याख्याता, सहायक प्राध्यापक, प्रशिक्षक आदि फील्ड में अपना कैरियर बना सकेंगे। हमने प्रदेश के खेल और खिलाड़ियों का मान-सम्मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री डॉ.




यादव रविवार को गौतम नगर में फिट इंडिया क्लब के प्रथम चरण का लोकार्पण एवं दूसरे चरण के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केन्द्रीय श्रम और रोजगार, युवा कार्य एवं खेल मंत्री श्री मनसुख मांडविया विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट बनाने के लिए हमें अपने गौरवशाली अतीत से जुड़ना होगा। हमारा इतिहास शारीरिक कला कौशल और पराक्रम की कहानियों से भरा पड़ा है। कम समय में फिट इंडिया क्लब की स्थापना वाकई बेहद प्रशंसनीय है। इसके लिए खेल विभाग और नगर निगम भोपाल बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलो-बढ़ो अभियान खिलाड़ियों के लिए एक अवसर है। यह प्रतिभा को संवारने के लिए खिलाड़ियों को मिला एक मंच है। खिलाड़ी पूरी मेहनत और लगन से इससे जुड़े और अपनी प्रतिभा को संवारे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार का मुख्य लक्ष्य युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना और आधुनिक अधोसंरचना के जरिए उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करना है।

## दिल्ली में भी बनेगी एनडीए की सरकार : शाह

**विजयवाड़ा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आंध्र प्रदेश के गन्नावरम मंडल के कोंडा पावुलुरू में 10वीं बटालियन एनडीआरएफ परिसर और एनआईडीएम दक्षिणी परिसर का उद्घाटन किया। इस दौरान आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब कोई आपदा भगवान द्वारा भेजी जाती है, तो एनडीआरएफ मदद के लिए आती है। जब कोई आपदा मानव निर्मित होती है तो एनडीए मदद के लिए आती है। महाराष्ट्र और हरियाणा में भारी जीत के बाद एनडीए 2025 में दिल्ली में सरकार बनाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 2014 से 2019 के बीच संभावनाओं से भरा राज्य आंध्र प्रदेश मानव निर्मित आपदा के कारण पीड़ित रहा। अब आपको उन बर्बाद हुए पांच वर्षों के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। पीएम मोदी और सीएम नायडू की जोड़ी यहां विकास की रफ्तार को तीन गुना तेज करेगी। नरेंद्र मोदी सरकार आंध्र प्रदेश के विकास के लिए चंद्रबाबू नायडू के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने छह महीने में आंध्र प्रदेश के लिए तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। हुडको, विश्व बैंक के माध्यम से राजधानी अमरावती के विकास के लिए 27,000 करोड़ रुपये दिए गए हैं। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र आंध्र प्रदेश के विकास के लिए चट्टान की तरह चंद्रबाबू नायडू के साथ खड़ा है। आज हालात यह हैं कि भारत आपदा प्रबंधन में वैश्विक नेता के रूप में उभरा है। आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में देश दुनिया में अग्रणी है।

वहीं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने केंद्रीय मंत्री से अपील की कि वे राज्य के पूरी तरह से ठीक होने तक केंद्र से निरंतर सहायता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण, केंद्रीय मंत्री के राम मोहन नायडू और बंडी संजय कुमार मौजूद रहे।

## कन्यादान महादान है इसमें सभी की भावनाएं जुड़ी है : उप मुख्यमंत्री

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि राज्य सरकार गरीब वर्ग के लिए अनेक योजनाएँ संचालित कर रही है। इन योजनाओं से गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार के साथ उन्हें आत्म-निर्भर बनाया जा रहा है। शासन की मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना उन गरीब परिवारों के लिए वरदान बनी है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों का धूमधाम से विवाह करने में असमर्थ है। ऐसे परिवारों की चिन्ता राज्य सरकार कर रही है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा मंदसौर जिले के संत श्री रोटीराम जी महाराज कदम आश्रम, गौशाला, बेहपुर, चांदीखेडी, खजुरिया सारंग में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## महाकुंभ एकता, समता और समरसता का संगम : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महाकुंभ को एकता और समता-समरसता का असाधारण संगम करार दिया। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव और जातिवाद नहीं है। आकाशवाणी पर हर महीने प्रसारित होने वाले रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 118वीं कड़ी और साल 2025 की पहली कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने महाकुंभ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी का जिक्र किया।

पीएम मोदी ने कहा कि जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व से जुड़ जाती है तो उसकी



सभ्यतागत जड़े और मजबूत होती है और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान 25 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह दिन इसलिए अहम है, क्योंकि इसी दिन भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी। पीएम मोदी ने कुंभ, पुष्करम और गंगा सागर मेले का जिक्र करते हुए कहा कि ये पर्व सामाजिक मेल-जोल, सद्भाव और एकता को बढ़ाने वाले पर्व हैं। उन्होंने कहा कि ये पर्व भारत के लोगों को भारत की परंपराओं से जोड़ते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, कुंभ में दक्षिण, पश्चिम और हर कोने से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब और अमीर सब एक हो जाते हैं और सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं। एक साथ भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं। तभी तो कुंभ एकता का महाकुंभ है। कुंभ का आयोजन हमें यह भी बताता है कैसे हमारी परंपराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं।

## सिंहस्थ महाकुंभ से उज्जैन बनेगा वैश्विक धार्मिक पर्यटन गंतव्य

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ महाकुंभ अद्भुत सामाजिक समागम है, इससे समाज की दिशा तय होती है। पहले लोग कुंभ के मेले में तय हुई दिशा को लेकर जाते थे और समाज में बदलाव के लिए काम करते थे। समय के साथ परंपराओं में बदलाव आया है, किन्तु हमें अपनी जड़ों और मूल्यों के महत्व को समझना होगा। धार्मिक नगरी उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित सिंहस्थ की तैयारियां अभी से प्रारंभ कर दी गई हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का भी मानना है कि कुंभ केवल एक मेला ही नहीं, अपितु विश्व को परंपराओं के नवोन्मेष की शिक्षा व संदेश देने वाले शानदार प्रबंधन का एक अद्भुत उदाहरण है।

## एक देश एक चुनाव लोकतंत्र के लिए खतरा : स्टालिन

**चेन्नई।** देशभर में एक देश एक चुनाव को लेकर केंद्र सरकार और विपक्ष के बीच मुठभेड़ जारी है। इसी बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शनिवार को भाजपा और उसके सहयोगियों से एक देश एक चुनाव योजना का विरोध करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा इस योजना के जरिए देश में एक पार्टी का शासन लागू करना चाहती है। हमें भाजपा की एक देश, एक चुनाव योजना का विरोध करना चाहिए, क्योंकि वह देश में एक पार्टी का शासन लाना चाहती है।

डीएमके कानूनी विंग के तीसरे राज्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा सीएम स्टालिन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे मानते हैं कि यदि यह योजना लागू होती है तो पूरे देश में एक साथ चुनाव होंगे। इससे देश में एकात्मक शासन (एक पार्टी का शासन) की स्थिति बन जाएगी।

## शिक्षा में दिल और दिमाग का संगम जरूरी: वांगचुक

**मुंबई।** मशहूर पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक इन दिनों भारत भ्रमण पर हैं। दरअसल वे लद्दाख में किए गए अपने धरना प्रदर्शन का समर्थन करने वाले लोगों से मिल रहे हैं और उन्हें धन्यवाद दे रहे हैं। इस कड़ी में सोनम वांगचुक फिलहाल कोलकाता पहुंचे हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट की, जिसमें उन्होंने भारतीय रेलवे की तारीफ की।

सोनम वांगचुक ने कहा कि उनकी कई ट्रेनें कोहरे की वजह से कई-कई घंटे देर से चली हैं। हालांकि जिस ट्रेन से वे गुजरात से



मुंबई पहुंचे, वह बिल्कुल सही समय पर स्टेशन पहुंची। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल इस तरह से भी चलती है और हम सभी लोग मिलकर इसे बेहतर बनाने की कोशिश करे। सोनम ने कहा कि हमारे आईआईटी और विभिन्न तकनीकी संस्थान इस मुद्दे पर डिबेट करें कि कोहरे में भी ट्रेनों को कैसे समय पर पहुंचाया जाए और रेलगाड़ियां घंटों की नहीं बल्कि मिनटों की देरी से ही चलें।

महाराष्ट्र में सोनम वांगचुक ने वर्धा के महात्मा गांधी नई तालीम संस्थान का दौरा किया। यह संस्थान आनंद निकेतन स्कूल के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। वर्धा में एक कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए वांगचुक ने शिक्षा व्यवस्था की आलोचना की। उन्होंने कहा कि हमारे शिक्षण संस्थानों में दिमाग का बहुत ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है और दिल के लिए बेहद कम जगह बची है। यही वजह है कि आज लोगों में दूसरों के प्रति दयाभाव, संवेदना कम होती जा रही है। सोनम वांगचुक ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में दिल और दिमाग का संगम जरूरी है, तभी बच्चों में विश्वास पैदा होगा। बौद्धिक क्षमता जल्द ही भ्रष्ट हो सकती है और सिर्फ बौद्धिक होना ही काफी नहीं है। मानवीय क्रियाकलापों को सही दिशा देने के लिए एक दयालु दिल भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों की ऊर्जा का अगर इस्तेमाल न हो तो वे हिंसा की तरफ मुड़ जाते हैं और तनाव का शिकार हो जाते हैं। यही वजह है कि कुछ किशोर बागी स्वभाव के हो जाते हैं।

### सैफ अली खान हमला मामला

## मुंबई से गिरफ्तार आरोपी विजय दास ने स्वीकार किया अपराध, पुलिस ने की पुष्टि

**मुंबई ।** मुंबई में अभिनेता सैफ अली खान पर हमला मामले में एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां मुंबई पुलिस के द्वारा रविवार तड़के ठाणे से गिरफ्तार एक आरोपी विजय दास ने अपने अपराध को स्वीकार कर लिया है। जानकारी के अनुसार आरोपी विजय दास रेस्तरां में वेटर के तौर पर काम करता है। बता दें कि अभिनेता सैफ अली खान पर मुंबई में उनके घर में घुसकर बुधवार देर रात एक शख्स ने हमला कर दिया, जिसमें वो बुरी तरह घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। हालांकि अब अभिनेता की स्थिति में सुधार हो रही है। आशा है कि उन्हें जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। दूसरी ओर दुर्ग आरपीएफ ने सैफ अली खान पर हमले के मामले शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल बोगी से एक युवक को हिरासत में लिया। इसको लेकर आरपीएफ प्रभारी संजीव सिन्हा ने बताया कि मुंबई पुलिस द्वारा एक फोटो दुर्ग आरपीएफ को भेजी गई थी, जिसके आधार पर शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल बोगी से संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया।

## पांच लोगों की मौत से मचा कोहराम

**बेतिया।** बेतिया में 36 घंटों में पांच लोगों की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई है। वहीं, परिजन जहरीली शराब और गांजा पीने से मौत की बात कह रहे हैं। घटना जिले के लौरिया थानाक्षेत्र के मठिया गांव की है। मृतकों में मठिया गांव निवासी उमेश चौधरी के बेटे मनीष चौधरी (22) और दिवंगत कपिल चौधरी के बेटे सुरेश चौधरी (42) हैं। दोनों आपस में चाचा-भतीजा बताए जा रहे हैं, जिनकी मौत शनिवार को हुई है। दूसरी तरफ मिरुल आलम के बेटे नेयाज अहमद (25) वर्षीय और मोतीराम के बेटे शिवराम (60) की भी मौत हुई है। इसके पहले शुक्रवार को रामेश्वर गुप्ता के बेटे प्रदीप गुप्ता (35) की मौत हो चुकी थी।

## शपथ ग्रहण समारोह से पहले ट्रंप से मिले मुकेश और नीता अंबानी

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में वे अमेरिकी के अरबपति, राजनेता और मशहूर हस्तियों से मुलाकात करेंगे। उद्योगपति मुकेश अंबानी को ट्रंप के खास मेहमान के तौर पर समारोह का न्योता मिला है। शपथ ग्रहण समारोह से पहले मुकेश और नीता अंबानी ने डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। बताया जाता है कि मुकेश अंबानी शनिवार को वॉशिंगटन डीसी पहुंच गए हैं। उन्होंने ट्रंप के साथ कैंडल लाइट डिनर में भी भाग लिया। सूत्रों ने बताया कि ट्रंप के साथ कैंडल लाइट डिनर में भाग लेने वाले वे एकमात्र भारतीय थे। इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनकी पत्नी ऊषा वेंस से भी मुलाकात की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अंबानी दंपती ट्रंप परिवार के निजी आमंत्रित सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। हालांकि रिलायंस इंडस्ट्रीज ने इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी के परिवार के ट्रंप के परिवार के साथ अच्छे संबंध हैं। 2017 में जब डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप ग्लोबल एंटरप्रेन्योरशिप समिट के लिए हैदराबाद आईं तो अंबानी वहां मौजूद थे। फरवरी 2020 में जब ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में भारत आए थे तब भी अंबानी मौजूद थे।

## इस्राइल और हमास के बीच गाजा पट्टी में संघर्ष विराम लागू

### पहले चरण में रिहा हो रहे बंधकों को लेने के लिए रेड क्रास की टीम रवाना

**तेलअवीव।** इस्राइल और हमास के बीच रविवार को गाजा पट्टी में संघर्षविराम लागू हो गया है। इससे बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई और पिछले 15 महीने से जारी विनाशकारी संघर्ष के खात्मे की उम्मीदें बढ़ गई हैं। वहीं, पहले इस्राइली बंधकों को लेने के लिए रेड क्रॉस की टीम गाजा जा रही है। इस बीच, रिहा होने वाले पहले तीन बंधकों की पहली तस्वीरें जारी हुई हैं। इस्राइली मीडिया में जारी वीडियो और तस्वीरों में गाजा शहर से गुजरते हुए उन्हें वाहनों के बीच चलते हुए देखा गया।

हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि बंधकों को सौंपने से पहले की प्रक्रिया में कितना समय लगेगा। बता दें कि आज से शुरू हुए युद्धविराम में सबसे पहले तीन महिलाओं को रिहा किया जाना तय हुआ है। वहीं, आईडीएफ ने सबसे पहले रिहा की जाने वाली तीनों बंधकों की माताओं को गाजा सीमा के बगल में एक बेस पर बैठक स्थल पर आने के लिए कहा है।

हमास ने तीन महिला बंधकों को छोड़ने की घोषणा की है। इस्राइल ने उनके नामों की पुष्टि नहीं की है, लेकिन होस्टेज एंड मिसिंग फैमिली फोरम ने उनके नाम बताए हैं। इनमें रोमी गोनेन शामिल हैं। 23 वर्षीय नर्तकी को हमास के बंदूकधारियों ने नोवा संगीत समारोह से हमले के दिन अगवा कर लिया था। हाथ में गोली लगने से पहले उन्होंने अपने दोस्तों के साथ छुपने का प्रयास भी किया था। वह अपने परिवार के साथ फोन पर थीं, जब उन्होंने कहा था- मैं आज मरने जा रही हूं। डोरोन स्टीनब्रेचर (30) पशु चिकित्सा नर्स हैं। उन्हें किबुत्ज कफर अजा में घर से अगवा किया गया था। हमास के हमले के कुछ घंटों बाद उन्होंने अपने माता-पिता को फोन पर बताया था कि वह डरी हुई हैं। बंदूकधारी बिल्डिंग में घुस आए हैं। एमिली दामारी (28) एक ब्रिटिश-इस्राइली नागरिक हैं। उन्हें किबुत्ज कफर अजा से अपहरण कर लिया गया था। इससे पहले उनके हाथ व पैर में गोली लगी थी। इस्राइल ने बताया कि उसने रविवार को 2014 में गाजा युद्ध के दौरान मारे गए अपने एक सैनिक के अवशेष बरामद किए हैं। ओरोन शॉल पिछले संघर्ष में मारा गया था और उसके अवशेष हमास के पास थे। शॉल और एक अन्य सैनिक हदर गोल्डिन के शव 2014 के युद्ध के बाद गाजा में ही रह गए थे। उनके परिवारों की तरफ से सार्वजनिक अभियान चलाए जाने के बावजूद उन्हें वापस नहीं किया गया था। हमास के तीन इस्राइली महिला बंधकों के नाम जारी करने में देरी से संघर्षविराम के लागू होने पर संकट मंडराने लगा था, लेकिन बाद में हमास के बंधकों के नाम जारी करने के साथ ही संघर्षविराम को लेकर बना गतिरोध खत्म हो गया। इस्राइल ने कहा कि गाजा में संघर्षविराम सुबह 11:15 बजे प्रभावी हो गया है। पहले संघर्षविराम को सुबह 8:30 बजे लागू होना था लेकिन लेकिन हमास की ओर से बंधकों की सूची जारी नहीं किए जाने के कारण इसमें करीब तीन घंटे की देरी हुई। इससे पहले इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि हमास जब तक फलस्तीनी कैदियों के बदले में रिहा किए जाने वाले तीन बंधकों की सूची नहीं दे देता, तब तक गाजा में संघर्षविराम प्रभावी नहीं होगा।

# शासन की जमीन पर हुई हेरा फेरी की जांच कराने चार सदस्यीय टीम गठित

## जांच के दौरान 2010 के रिकॉर्डों में हुई हेराफेरी से उठ सकता है पर्दा,संलिप्त दोषी होंगे बेपर्दा



**सिंगरौली।** जिले के देवसर उपखंड के विभिन्न तहसीलों और जिला अभिलेखागार में 2010 में हुए रिकॉर्ड हेराफेरी के मामले को लेकर प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। कलेक्टर सिंगरौली के निर्देश पर दिनांक 16 जनवरी 2025 को चार सदस्यीय जांच टीम गठित की गई है। यह टीम शिकायतकर्ता अनुरोध शुक्ला की शिकायत पर मामले की जांच करेगी। इस जांच टीम का नेतृत्व अपर कलेक्टर सिंगरौली करेंगे। इसके अन्य सदस्य पीके सेन गुप्ता अपर कलेक्टर सिंगरौली, उपखंड अधिकारी देवसर अखिलेश सिंह,डिप्टी कलेक्टर बंदन तिवारी,डिप्टी कलेक्टर सौरव मिश्रा को जांच का जिम्मा सौंपा गया है। टीम को एक महीने के अंदर अपनी जांच पूरी कर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने के आदेश दिए गए हैं। वहीं 2010 के रिकार्ड में की गई हेराफेरी से पर्दा उठ सके और पीड़ित को न्याय मिल सके। इस लिहाज से उक्त मामले की जांच जिला स्तरीय टीम के माध्यम से कराया जाएगा।

### आवेदक के शिकायत पर गठित टीम करेगी जांच

शिकायत के अनुसार देवसर तहसील के रिकॉर्ड में हेरफेर के मामले में तत्कालीन तहसीलदार द्वारा कुछ फर्जी प्रविष्टियों को निरस्त कर दिया गया था। हालांकि अब तक केवल तीन गांवों के मामलों पर कार्रवाई हुई है। शेष दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई जबकि जिला अभिलेखागार में फर्जी रिकॉर्ड सफेद किए जा चुके हैं। जिसकी जिला स्तरीय गठित टीम के द्वारा जांच कर दोषियों के बेपर्दा किया जाएगा।

### शिकायतकर्ता का पक्ष

शिकायतकर्ता अनुरोध शुक्ला ने बताया कि उनके पिता जो तत्कालीन हल्का मझौली पाठ तहसील बैढन् जिला सिंगरौली में पदस्थ होने के बाद भी उन्हें सेवा से पृथक किया गया। यह सब सोची समझी साजिश के तहत किया गया है। इस मामले में एक निर्दोष को झूठा फंसाकर सेवा से पृथक कर दिया गया है। शिकायतकर्ता द्वारा सिंगरौली कलेक्टर से आग्रह किया गया कि उनके पिता को न्याय दिलाया जाए और जांच कराकर उक्त मामले के मुख्य दोषियों पर भी कठोर कार्रवाई की जाए।

### प्रशासन की कार्रवाई

जांच टीम को यह सुनिश्चित करना होगा कि दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए और रिकॉर्ड में हुई अनियमितताओं की विस्तार से जांच हो। इस कार्रवाई से देवसर तहसील और जिले में प्रशासनिक पारदर्शिता स्थापित करने की उम्मीद है।

# यूथ इंटक की जिला काउंसिल ने सरई कार्यकारणी का किया गठन

**सिंगरौली।** इंटक अध्यक्ष मनोज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस यूथ इंटक जिला काउंसिल ने शनिवार 17 जनवरी को सरई कार्यकारणी के गठन उपरांत घोषित कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश तिवारी के अनुमोदन पर सरई ब्लॉक के श्रमिक मजदूरों एवं युवा पदाधिकारियों में शामिल झलरी निवासी राजकुमार वैश्य को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि खनुआ नया निवासी राम भजन शाह ब्लॉक उपाध्यक्ष,नीरज कुमार विश्वकर्मा ब्लॉक महासचिव,सीता शरण शाह ब्लॉक सचिव, आनंद कुमार पाण्डेय ब्लॉक प्रवक्ता,राजेश कुमार शाह ब्लॉक मीडिया प्रभारी,मुकेश कुमार शाह ब्लॉक कार्यकारणी सदस्य,प्रभात कुमार शाह सदस्य, अभिषेक कुमार शाह सदस्य,अशोक कुमार शाह सदस्य, संतोष कुमार यादव सदस्य,अश्वनी कुमार प्रजापति सदस्य, सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा सदस्य, विनोद कुमार शाह सदस्य व संदीप कुमार तिवारी सदस्य बनाए गए हैं।

# शराब के लिए पैसे न देने पर चेचेर भाई ने जमकर कर दी मारपीट

## पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेज दिया जेल

**सिंगरौली**

बीते वर्ष 21 दिसंबर की शाम बरगवां थाना क्षेत्र के कसर में एक व्यक्ति को उसके रिश्तेदार ने शराब के लिए पैसे न देने पर मारकर घायल कर दिया था। जहां पीड़ित ने घटना की शिकायत बरगवां थाने में दर्ज करा दी थी। शिकायत के बाद पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कारवाही पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में बरगवां थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा ने की है। बताया गया कि फरियादी गंगा प्रसाद साहू पिता रामविशाले साहू उम्र 36 वर्ष निवासी कसर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह भूसा बेचने गया था, वह जब वापस घर आ रहा था तो उसके चचेरे भाई अरविन्द कुमार साहू पिता श्यामलाल साहू ने उससे भूसा बेचकर मिले पैसों से एक हजार रूपये शराब पीने के लिये मांगे। गंगा प्रसाद ने अपने मेहनत की कमाई नहीं देने पर अरविंद ने उससे बहस करते हुए वहाँ पड़े ईंटा के टुकड़े से उसे मारकर घायल कर दिया। जिसके बाद घायल गंगा प्रसाद थाने जा पहुँचा। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध कायम कर विवेचना में ले लिया। आरोपी मामले मे फरार चल रहा था। जिसे पुलिस ने कसर से गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय देवसर पेश किया गया, जहां न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के ऊपर पूर्व के कई अपराध है। इस कार्यवाही में निरीक्षक शिवपूजन मिश्रा के नेतृत्व में प्रआर उमेश विश्वकर्मा, अनूप मिश्रा, आर. प्रतीक कुमार, शिवराज सिंह, मआर कीर्ति कुशवाहा की भूमिका रही है।




# दो वर्ष से गुमशुदा दो महिलाओं को पुलिस ने यूपी के घोरावल व मिर्जापुर से किया दस्तयाब



**सिंगरौली।** नौडिहवा चौकी पुलिस ने दो वर्ष से गुमशुदा दो महिलाओं को उत्तरप्रदेश के मिर्जापुर व घारोवल से दस्तयाब कर परिजनों को सुपूर्द कर दिया है। यह कारवाही पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में नौडिहवा चौकी प्रभारी उदयचंद करिहार ने की है। चौकी प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 मार्च 2024 को सूचनाकर्ता रामनरेश केवट निवासी गोडग्वा ने अपनी पत्नी की गुम हो जाने तथा 26 अप्रैल 2023 को सूचनाकर्ता छोटक कोल निवासी क्योंटली ने नौहिडवा चौकी में गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने गुमशुदा के गुम इंसान कायम कर दोनो मामलों को विवेचना में ले लिया था। जहां पुलिस ने 19 जनवरी को गुमशुदा रजवंती केवट को मिर्जापुर से व फुलवंती कोल को घारोवल उत्तरप्रदेश से दस्तयाब कर परिजनो को सुपूर्द कर दिया है। उक्त कारवाही में थाना प्रभारी गढ़वा अनिल कुमार पटेल,चौकी प्रभारी नौडिहवा उदयचंद करिहार,सउनि रमेश प्रसाद साकेत,प्रआर फूल सिंह,आर राजेश मिश्रा व राजा की भूमिका रही।

# सीएम राइज बरगवां में नवोदय प्रवेश परीक्षा संपन्न



**सिंगरौली।** जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा का आयोजन शनिवार को सिंगरौली जिले के सबसे अधिक छात्र संख्या वाले परीक्षा केंद्र शासकीय सीएम राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगवां में आयोजित किया गया। जिले में कुल सात परीक्षा केंद्रों में परीक्षा आयोजित की गई और देवसर ब्लॉक में दो परीक्षा केंद्र में परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें सीएम राइज स्कूल बरगवां में कुल 792 विद्यार्थियों के लिए बैठक व्यवस्था तैयार की गई थी। परीक्षार्थियों के बैठने के लिए तैतीस कमरे बनाए गए थे। जिसमें से प्रत्येक चौबीस छात्र पर एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था। तीन अन्य पर्यवेक्षकों के साथ कुल छत्तीस पर्यवेक्षक परीक्षा संपादित करने के लिए तैनात किए गए थे। परीक्षा के दौरान दो लिपिक एवं सहायक के रूप में स्कूल के अन्य सदस्यों का भी सहयोग रहा जिससे इतनी बड़ी परीक्षा आराम से संपन्न हो सकी। परीक्षा को शांति पूर्वक सम्पन्न करने के लिए थाना बरगवां से पुलिस बल भी मौजूद रहा। परीक्षा की शुरुआत 11.30 बजे से हुई और 1.30 बजे तक चली। उक्त परीक्षा में 34 अंग्रेजी माध्यम के छात्र और 758 हिंदी माध्यम सहित कुल 792 परीक्षार्थियों के लिए सीएम राइज स्कूल बरगवां को परीक्षा केंद्र बनाया गया था जो कि सिंगरौली जिले का सबसे अधिक छात्र संख्या वाला परीक्षा केंद्र रहा। परीक्षा के दरम्यान कुल 94 विद्यार्थी अनुपस्थित एवं 698 विद्यार्थी उपस्थित रहे। जिसका उपस्थिति प्रतिशत 88.13 प्रतिशत रहा। परीक्षा के लिए स्कूल के संस्था प्रमुख रामकृष्ण शुक्ला को केंद्राध्यक्ष एवं जवाहर नवोदय विद्यालय से सीएलओ प्रगति मिश्रा की ड्यूटी परीक्षा संचालन हेतु केंद्र पर लगाई गई थी।

# बूथ केन्द्रो में सुना गया प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम



**सिंगरौली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले भर में बूथ स्तर पर देखा व सुना गया। प्रधानमंत्री हर माह के अंतिम रविवार को मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से अपने मन की बातों को साझा करते हैं। इस मास के आखरी रविवार को 26 जनवरी है तथा इस दिन देश के गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय उत्सव होने के कारण यह कार्यक्रम 19 जनवरी को आयोजित हुआ। भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली द्वारा मन की बात का सीधा प्रसारण जिले भर के 987 बूथों पर देखा व सुना गया। प्रदेश उपाध्यक्ष कांत देव सिंह के मार्गदर्शन तथा जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व एवं जिलामंत्री पूनम गुप्ता के प्रभार मे इस आयोजन का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन प्रत्येक बूथों पर हुआ। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह बैढन् मंडल के बूथ क्रमांक 127 पचखोरा में उपस्थित रह। मन की बात कार्यक्रम को देखा व सुना तथा विधायक सिंगरौली राम निवास शाह बूथ क्रमांक 130 बिलौंजी में उपस्थित रहे। देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम ग्राम मथुरा बूथ क्रमांक 158 के कार्यक्रम पर उपस्थित रहे । जिले तथा मंडलों के प्रत्येक पदाधिकारी तथा मोर्चों के पदाधिकारियों समेत समस्त शक्ति केन्द्र के पदाधिकारी बूथ समिति के सदस्यों ने मन की बात कार्यक्रम में हिस्सा लिया तथा प्रधानमंत्री के संदेश को सुना।

# संविधान गौरव अभियान के तहत परसौना में सभा हुई सम्पन्न



**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व एवं मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के निर्देशानुसार संविधान गौरव अभियान कायक्रम के तहत विधायक कार्यालय परसौना में सभा भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के मुख्य आतिथ्य में एवं संविधान गौरव अभियान के जिला प्रभारी एवं भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार दुबे की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष कमलेश बैस तथा वरिष्ठ नेता लालजी शाह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनोज शाह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहब एवं संविधान के प्रति भारतीय जनता पार्टी की सच्ची निष्ठा की प्रतिबद्धता को कार्यकर्ताओं के बीच में रखा। वक्ताओं ने बाबा साहब के प्रति भाजपा के सम्मान के प्रति दिए गए योगदान को कार्यकर्ताओं के बीच में रखा। कार्यक्रम में सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# विद्यालय देर से पहुंचते हैं शिक्षक, नहीं है किसी का डर

## शाउमा विद्यालय झारा में शिक्षको की मनमानी




**सिंगरौली।** जिले के संकुल केंद्र सरई अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झारा में मनमानी का आलम चल रहा है। विद्यालय की पठन पाठन में शिक्षकों का कोई रुचि नहीं है। कक्षा खाली रहने से बच्चे घूमते नजर आते हैं। झारा हायर सेकेंडरी में अनुशासन नाम का कोई चीज नहीं है। यहां के प्रभारी की लचर पचर व्यवस्था का लाभ बच्चे व शिक्षक दोनों उठा रहे हैं। शिक्षकों का मन विद्यालय के पठन पाठन में न लगकर देश दुनिया की बातों में लगा रहता है। बच्चों के अभिभावकों का आरोप है कि शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय झारा में कार्यवाहक प्राचार्य अरुणोदय पटेल द्वारा विभागीय कार्य के नाम पर खूब मस्ती किया जा रहा है। ये विद्यालय में सप्ताह भर भी नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते हैं। इसके अलावा अरुणोदय पटेल मीटिंग वगैरह के नाम पर अपना घर भाग जाते हैं। साथ ही डीडीओ प्राचार्य से बिना अनुमोदन के नाम के लिए छुट्टी का आवेदन पत्र उपस्थिति रजिस्टर में रखकर अक्सर गायब रहते हैं।

और बाद में आकर उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर कर लेते हैं। ग्रामीणों ने ऐसे शिक्षक पर कार्रवाई की मांग किया है।

# आधी रात पुलिस नाइट कॉम्बिंग गश्त में 204 बदमाशो पर कार्यवाही

## जिले में कानून व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने कराया गया औचक काम्बिंग गश्त




**सिंगरौली।** जिले की काननू व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात जिले भर में 300 से अधिक पुलिस कर्मियों की पुलिस टीम गठित कर औचक काम्बिंग गश्त कराया गया। जहां गठित पुलिस टीमों ने अलग-अलग जगहों पर गश्त के दौरान स्थाई वारंटी, गिरफ्तारी वारंटी, फरारी वारंटी व इनामी, गुण्डा, निगरानी बदमाश के साथ अन्य अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड़ कर 204 आरोपियों पर कार्रवाई की है। नाइट काम्बिंग गश्त में एएसपी शिवकुमार वर्मा,सीएसपी पीएस परस्ते सहित अनुभाग स्तर के अधिकारी व थाना प्रभारी मौजूद रहे। गौरतलब हो कि अनुभाग के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में 300 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियो की अलग-अलग टीमें बनाकर एवं उन्हे ब्रीफ कर नाइट कॉम्बिंग गश्त की। रात भर चली इस कार्यवाही में 64 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। जिन्हे न्यायालय में पेश किया जाएगा। वहीं 77 निगरानी बदमाश, 59 गुण्डा बदमाशों को चेक किया गया तथा 4 आबकारी एक्ट के प्रकरण पंजीबद्ध कर शराब जब्त की गई एवं अनावश्यक रुप से रात्रि में घूमने वाले असामाजिक तत्वो के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इस दौरान शहर एवं कस्बों में एटीएम एवं बैंकों की सुरक्षा में लगाए गए उपकरण एवं सुरक्षा गार्डों को भी चेक किया गया। काम्बिंग गश्त के दौरान जिले भर के थाना व चौकी प्रभारी भ्रमण करते रहे।

रात्री गश्त के दौरान विंध्यनगर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थो गांजा के कारोबार में संलिप्त आरोपी रामबचन प्रजापति पिता स्व.बृजलाल प्रजापति उम्र 66 वर्ष निवासी नवजीवन विहार अपने घर में अवैध मादक पदार्थ गांजा का पौधा लगाया हुआ था। आरोपी के घर से 1 नग गांजा का पौधा 1 किलो 150 ग्राम कीमती 8000 का जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। वहीं सरई पुलिस ने आरोपिया गुलबसिया देवी जायसवाल पति सत्रुधन जायसवाल निवासी झारा के कब्जे से 300 ग्राम गांजा कीमती 5000 का जप्त कर कारवाही की गई।

# प्राईवेट कोचिंग की मनमानी पर प्रशासन की नही है नजर

## बिना पंजीयन के संचालित है सैकड़ों कोचिंग सेंटर

**सीधी।** जिले में बिना पंजीयन के कोचिंग सेंटर संचालित करने की होड़ मची है। जिला मुख्यालय समेत कस्बाई क्षेत्रों में सैकड़ों कोचिंग सेंटर नियमों के विरूद्ध संचालित हो रहे है। जिनकी जांच करने की आवश्यकता तक प्रशासन द्वारा नही समझी जा रही है। लिहाजा मनमानी शुल्क लेकर कोचिंग सेंटर के संचालकों द्वारा पठन-पाठन के नाम पर औपचारिकता का निर्वहन किया जा रहा है। शहर में कई कोचिंग सेंटरो द्वारा बाहर से विशेषज्ञों का मार्गदर्शन दिलाने के नाम पर मोटी शुल्क वसूला जाता है। यहां तक कि नौकरी के संबंध में भी कई कोचिंग सेंटर लंबे समय से संचालित हो रहे है। जिनमें पढने् के बाद भी संबंधित विद्यार्थियों को कोई लाभ नही मिलता। जिले में शिक्षा की व्यवस्था सुदृढ़ी करण, निजी ट्यूसन, कोचिंग केन्द्रों के नियमों का खुलेआम उल्लंघन होने के बाद भी संबंधित अधिकारियों द्वारा इस पर कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता नही समझी जा रही है। जिसके चलते शहर के ज्यादातर गलियों में कोचिंग सेंटरों का संचालन बेखौफ होकर किया जा रहा है। सेंटर संचालकों द्वारा ज्यादा से ज्यादा छात्र-छात्राओं को आकर्षित करने के लिये तरह-तरह के झूठे प्रलोभन दिये जा रहे है। तत्संबंध में चर्चा करते हुये कई छात्र-छात्राओं ने बताया कि सीधी शहर में करीब पांच वर्षो के अंदर ही सैकड़ों कोचिंग सेंटर संचालित हो चुके है। ज्यादातर कोचिंग सेंटर कई पालियों में संचालित हो रहे है। इनमें कक्षा-6 से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिये अलग व्यवस्था की गई है जबकि कालेजी विद्यार्थियों के लिये विशेष व्यवस्थाओं का दावा किया जा रहा है। कोचिंग सेंटरों में साल भर पढने् के बाद भी ज्यादातर विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम संतोषजनक नही रहता। जबकि उनके अभिभावकों द्वारा कोचिंग सेंटर संचालकों को मुंहमांगी शुल्क का भुगतान किया जा रहा है। जिला मुख्यालय में ही नजर दौड़ाई जाए तो यहां कई तरह की कोचिंग क्लासेस संचालित हो रही हैं। कुछ ऐसी भी कोचिंग चल रही हैं जिनके द्वारा जल्द ही इंग्लिश बोलने की गारंटी मौखिक तौर पर दी जाती है। यहां एडमिशन लेने के बाद मालूम पड़ता है कि सालों फीस देने के बाद भी स्पष्ट रूप से इंग्लिश बोलना एवं समझना नहीं आ पाता। प्रशासन की अनदेखी के चलते सीधी जिले में कोंचिंग सेंटर एक अवैध कारोबार का रूप ले चुका है। जिसे समय रहते नही रोंका गया तो इस भंवर जाल में विद्यार्थी फसंते रहेगें।




### जिले में बेअसर है मनमानी पर कार्यवाही

शासन द्वारा शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, निजी ट्यूशन, कोचिंग सेंटरों के नियमन के संबंध में कार्रवाई के प्रावधान किये गये है। यदि बिना प्रशासन की अनुमति एवं पंजियन तथा संसाधन के कोई भी ट्यूशन,कोंचिग सेंटर संचालित होते मिले तो उनके विरूद्ध दाण्डिक कार्रवाई की जा सकती है। इस संबंध में कार्रवाई का अधिकार अपने-अपने क्षेत्रों में एसडीएम राजस्व को है। एसडीएम द्वारा अपने क्षेत्र में संचालित हो रहे कोचिंग सेंटर संचालकों को नोटिस जारी कर ट्यूशन एवं कोचिंग सेंटर संचालन के संबंध में संबंधित रिकार्डो की जांच पड़ताल कर सकते है। जांच के दौरान यदि संबंधित ट्यूशन एवं कोचिंग सेंटर संचालक के पास प्रशासन की अनुमति,पंजियन तथा जरूरी संसाधनो का अभाव है तो उसके विरूद्ध कार्रवाई की जा सकती है। विडंबना यह है कि सीधी जिले में कोचिंग सेंटर संचालकों की मनमानी की कभी भी न तो जांच होती और न ही यहां चल रहे लूट-खसोट पर कोई कार्यवाही की जाती है। इसी के चलते कोचिंग सेंटर संचालक एक स्थान के अलावा अन्य स्थानों पर भी बोर्ड लगाकर अपना संचालन शुरू कर देते हैं। इनके लिए न तो कोई शुल्क लेने का निर्धारण है और न ही इतनी पढ़ाई कराएंगे। इस संबंध में स्पष्ट जानकारी दी जाती है।

# रोजगार मेंले में चयनित कर बेरोजगार युवाओं को हैदराबाद में भटकने के लिए छोड़ा

## एजिल सिक्योरिटी फोर्स ट्रेनिंग एकेडमी द्वारा किया गया फर्जीवाड़ा

**सीधी।** सरकार एक ओर युवाओं के बेहतरी के लिए प्रयासरत है उन्हे रोजगरोन्मुखी प्रशिक्षण व योजनाओं से रोजगार दिलाया जा रहा है। वही जिले में बेरोजगारी का फायदा उठाकर लूट-पाट करने वाली कम्पनियाँ सक्रिय नजर आ रही है। जिले के युवाओं को रोजगार का प्रलोभन देकर के ठगा जा रहा है ऐसे ही एक मामला प्रकाश में आया है। जब जिले के करीबन 3 दर्जन युवाओं को रोजगार मेले के माध्यम से चयनित करके हैदराबाद ले जा कर ड्रेस किट फीस के नाम पर पैसे का भुगतान करने का दबाव बनाया जाने लगा जब युवाओं ने इसका विरोध किया तो उन्हे हैदराबाद में ही कम्पनी ने नियुक्ति को निरस्त कर उन्हे बेरंग ही वापस घर का रास्ता दिखा दिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरक्षा जवान भर्ती हेतु एजिल सिक्योरिटी फोर्स ट्रेनिंग एकेडमी द्वारा जिले में मप्र डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 7 जनवरी 2025 मझौली जनपद पंचायत कार्यालय, 8 जनवरी 2025 रामपुर नैकिन जनपद पंचायत कार्यालय, 9 जनवरी 2025 सिहावल जनपद पंचायत कार्यालय, 10 जनवरी 2025 कुसमी जनपद पंचायत कार्यालय, 11 जनवरी 2025 सीधी जनपद पंचायत कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन कर सुरक्षा जवान और सुपरवाइजर पद के लिए करीबन 3 दर्जन युवाओं को चयनित किया गया, जिसमें उन्हे हैदराबाद ले जाने के लिए 2500 रूपये प्रति व्यक्ति की दर से वसूली करके उन्हे हैदराबाद दुर्गानगर के लिए बस से रवाना किया गया लेकिन उन्हे दुर्गानगर के स्थान पर नगर गुड़ा स्थित हैदराबाद प्रशिक्षण केन्द्र पर ले जाया गया, वहां पर पहुचते ही कम्पनी के अधिकारियों के तेवर बदले-बदले से नजर आने लगे उनके द्वारा युवाओं को ड्रेस किट हेतु 7500 रूपयें जमा करने का दबाव बनाते हुए उन्हे प्रताडऩा देने पर उतारू होने लगें। जिन युवाओं ने पैसे दे दिए उन्हे ट्रेनिंग एकेडमी में प्रवेश दे दिया गया, लेकिन जिन युवाओं ने पैसे का भुगतान नही किया। उन्हे कडक़ड़ाती ठण्ड में गेट के बाहर खड़ा करके उन्हे प्रवेश न देकर घर वापसी का रास्ता दिखा दिया गया। ऐसे में जिला प्रशासन के ऊपर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है कि बिना जांच-पड़ताल के ऐसी फर्जी कम्पनियों को किस प्रकार से जिले में रोजगार मेले को आयोजित करने की अनुमति प्रदान की जाती है जो युवाओं की बेरोजगारी को अपना व्यापार बनाकर काम कर रहे है और उन्हे रोजगार के नाम पर ठग रहे है। चयनित युवाओं ने जिला प्रशासन से मांग किए है कि उक्त कम्पनी पर युवाओं से साथ की गई ठगी पर कार्यवाही करते हुए आगें के रोजगार कार्यक्रम में प्रतिबंधित किया जावें।



# हड़बड़ो गोदाम के पास पलटा ऑटो, 5 हुए घायल

## घायलों को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**सीधी।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 में सीधी-सिंगरौली मार्ग में समीपी हड़बड़ो गोदाम के पास शनिवार की रात करीब 10 बजे तेज रफ्तार में जा रहे ऑटो के अनियंत्रित होकर पलटने से उसमें सवार 5 सब्जी विक्रेता घायल हो गए। सभी घायलों को हादसे के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तत्संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संबंधित घायल शहर में रोजाना सब्जी की दुकान फुटपाथ पर लगाते थे। रात करीब 10 बजे इनकी दुकान बंद होती थी और सभी ऑटो से अपने गृह ग्राम कुचवाही चले जाते थे। शनिवार की रात भी सब्जी की दुकान बंद करने के बाद सभी विक्रेता ऑटो में सवार होकर अपने गृह ग्राम कुचवाही जा रहे थे। कुचवाही से पहले ही हड़बड़ो गोदाम के पास तेज रफ्तार में जा रही ऑटो क्रमांक एमपी 53 जेडए 7823 चालक राजकिशोर यादव निवासी जनकपुर की लापरवाही से पलट गई। इस हादसे में ऑटो में सवार सीमा गुप्ता पति राजेन्द्र गुप्ता 42 वर्ष, सावित्री गुप्ता पति राघवेन्द्र गुप्ता 35 वर्ष, रोशनी गुप्ता पति आनंद गुप्ता 27 वर्ष, शिवम गुप्ता 12 वर्ष, आरती गुप्ता पति स्व. अनिल गुप्ता 32 वर्ष शामिल हैं। बताया गया है कि हादसे के दौरान ऑटो में अन्य 7 लोग भी सवार थे। उनको हल्की चोंटे आने से वह जिला अस्पताल में भर्ती होने के लिए नहीं आए। हादसे के बाद डायल 100 को फोन किया गया। जिसके बाद सभी को डायल 100 वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों की रिपोर्ट पर जिला अस्पताल में स्थित पुलिस चौकी में आपराधिक मामला पंजीबद्ध किया जा रहा है। घायलों का कहना था कि चालक की लापरवाही के चलते ही यह हादसा घटित हुआ है।

# शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली से विकास तिवारी एवं रोहित कुमार यादव का निबंध प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर हुआ चयन

## वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम विषय पर हुई निबंध प्रतियोगिता

**सीधी।** भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार आयुक्त उच्च शिक्षा भोपाल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में 15 वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय ''वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हमष् विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिले भर की संपूर्ण शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयो से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों ने इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जिसका विभिन्न मानकों जैसे विषय वस्तु, भाषा शैली,वर्तनी शुद्धता, मौलिकता एवं समग्र प्रभाव के आधार पर मूल्यांकन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गीता भारती ने विजेता प्रतिभागी एवं अन्य प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि निबंध लेखन एक कला है जो हमारे व्यक्तित्व को निखारती है। जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली के छात्र विकास तिवारी प्रथम एवं विजय कुमार यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, संजय गांधी महाविद्यालय सीधी की छात्रा प्रांजलि तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर कार्यक्रम के प्रभारी डॉ संदीप कुमार शर्मा, प्रो बी एल सिंह अयाम, डॉ लक्ष्मण उइके, प्रो सुनील सिंह, डॉ सुरेश कुमार तिवारी, डॉ विपेंद्र द्विवेदी, प्रो राजकिशोर तिवारी, गुलाब सिंह श्याम, संदीप कुमार कोल एवं मनीष कुमार सोनी ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की है।



# स्वामी विवेकानन्द जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय व्याख्यान माला का किया गया आयोजन

**सीधी।** स्वामी विवेकानन्द जयंती के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्याल सीधी के पुराना भवन में जिला स्तरीय व्याख्यान माला आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश जनभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग सीधी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ जिला समन्वयक शिवदत्त उर्मलिया द्वारा स्वागत भाषण के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमलेश्वर चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि श्री चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपनी भारत भूमि पूर्व काल से ही अद्वैत पर विश्वास करती है। स्वामी विवेकानन्द जी द्वारा रामकृष्ण परमहंस जी से दीक्षा लेने के उपरांत अद्वैतवाद को भारत में ही नहीं बल्कि सिकागो विश्व सम्मेलन में प्रचारित किया।

विशिष्ट अतिथियों रेडक्रॉस सोसाइटी सीधी के सचिव कृष्णकांत द्विवेदी, संजय गांधी महाविद्यालय के प्राचार्य पी. के. सिंह, महिला बाल विकास अधिकारी आर सी त्रिपाठी, संजय गांधी महाविद्यालय में सीएमसीएलडीपी प्रभारी आर.पी सिंह एवं सांसद प्रतिनिधि चिकित्सालय मनोज सिंह तथा ब्रम्हकुमारी से रेखा दीदी ने कहा कि पांच बातों को ध्यान रखना चाहिए खुश रहना, शांत रहना, संबंध तथा आध्यात्मिक की शक्ति के लिए युवाओं को हमेशा तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम में गायत्री पीठ से प्रदीप शुक्ला, मध्य प्रदेश जन अभियान के द्वारा संचालित सीएमसीडीपी पाठ्यक्रम के समस्त छात्र, परामर्शदाता एवं नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में परामर्शदाता विनय तिवारी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।



# शोषित, वंचित और गरीबों का उत्थान ही हमारी सरकार का लक्ष्य : सांसद

## अकौरी में वितरित किए सैकड़ो कंबल और साल

**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने अपने गृह ग्राम अकौरी में लोगों को ठंड से बचाव के लिए दो सैकड़ा से अधिक उच्च कोटि के ऊनी वस्त्र कंबल और साल वितरित किये।

ठंडी से बचाव के लिए उच्च कोटि के ऊनी वस्त्र के वितरण के पूर्व सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में शोषित, वंचित और समाज के प्रत्येक व्यक्ति के गरीबों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। समाज के सभी वर्गों का जब जीवन स्तर ऊपर उठेगा, तभी भारत विश्व गुरु और दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। समाज का कोई भी वर्ग अभावग्रस्त ना रहे। यह हम सभी की सामूहिक जवाबदारी है। इस दौरान ग्रामीण जन ठंड से बचाव के कपड़े कंबल और साल पा कर अत्यंत उत्साहित और प्रसन्न चित्र दिखे एवं सांसद डॉ राजेश मिश्रा को हृदय से आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सैकड़ो ग्रामीण जनों के साथ-साथ सांसद प्रतिदिन डॉ देवेंद्र त्रिपाठी सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात



**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल बूथ क्रमांक 242 वार्ड नं 24 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संबोधित मन की बात कार्यक्रम का लाईव प्रसारण सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। मन की बात के पश्चात आम जनों को संबोधित करते हुए सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम ज्ञानवर्धक एवं लाभदाई होता है। इसमें बताई गई जानकारी जैसे महाकुंभ एवं देश की सांस्कृतिक धरोहर, संविधान निर्माता की व्याख्यान बहुमूल्य धरोहर है। इसलिए हम सभी को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होकर सुना चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, मोतीलाल पटेल, शत्रुघ्न तिवारी, पुनीत नारायण शुक्ला, रविचंद्र सिंह, पुष्पराज सिंह चौहान, पार्षद श्रीमती गीता प्रदीप सिंह, जितेन्द्र सिंह, बृजेश सिंह, राजेंद्र गुप्ता, अरुण कुमार भूर्तिया हित पार्टी पदाधिकारी और सैकड़ो की संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# सीधी सिनेमा क्लब में दिखाई गई फिल्म दोस्ती

**सीधी।** दोस्ती 1964 मेंबनी हिन्दी भाषा की फिल्म है जिसके निर्देशक सत्येन बोस और निर्माता अपने राजश्री प्रोडक्शन्स के तले ताराचंद बड़जात्या हैं। जैसा फ़िल्म का नाम हैयह फ़िल्म एक अपाहिज लड़के और एक अन्धे लड़के के बीच दोस्ती को दर्शाती है। इस फ़िल्म को 1964 के फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कारों में छ: पुरस्कारों से नवाज़ा गया जिसमें फ़िल्मफ़ेयर सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म पुरस्कार भी शामिल है। यह फ़िल्म उस वर्ष की 10 सबसे ज़्यादा चलने वाली फ़िल्मों में एक थी और बॉक्स ऑफ़िस में सुपर हिट मानी गयी। * यह फ़िल्म संजय ख़ान की पहली फ़िल्म है।

रामनाथ गुप्ता उर्फ़ रामू (सुशील कुमार) के पिता एक फ़ैक्टरी हादसे में चल बसते हैं। जब फ़ैक्टरी उनकी मौत का हर्ज़ाना देने से इन्कार कर देती है तो उसकी माँ यह सदमा बर्दाश्त नहीं कर पाती है और वह भी दम तोड़ देती है। सड़क दुर्घटना में रामू अपनी एक टांग गंवा बैठता है। बेघरबिन पैसे के और अपाहिज रामू जब की सड़कों की ख़ाक छान रहा होता है तो उसकी मुलाकात मोहन (सुधीर कुमार) नाम के एक अन्धे लड़के से होती है जिसकी कहानी भी रामू के जैसी ही है। मोहन गांव का रहने वाला है और बचपन में ही अपनी आँखें खो बैठा है। मोहन की बहन मीना गांव से शहर नर्स बनने के लिए आई थी ताकि मोहन की आँखों का इलाज करा सके। अब मोहन अपनी बहन को ढूंढता हुआ शहर आया है। रामू और मोहन गलियों में गाकर अपना पेट भरने लगते हैं और सड़क के किनारे ही सो जाते हैं। एक दिन उनकी मुलाकात मंजुला उर्फ़ मंजु नामक एक छोटी लड़की से होती है जो एक अमीर परिवार की होती है और जो बहुत बीमार है। वह रामू और मोहन को पैसे देना चाहती है लेकिन दोनों यह कह कर मना कर देते हैं कि छोटी बहन से पैसे नहीं लिए जाते 7अब वे सड़क के किनारे न सोकर एक झोपड़पट्टी में खोली ले लेते हैं जहाँ उनकी पड़ोसन मौसी उन्हें अपने बच्चों जैसा ही प्यार देती है। रामू जब स्कूल में दाख़िले के लिए जाता है तो स्कूल के हेडमास्टर उससे कहते हैं कि उसका कोई तो होना चाहिए जो उसकी ज़िम्मेदारी ले सके वर्ना स्कूल के क़ानून के मुताबिक उसका दाख़िला नहीं हो सकता है। तभी स्कूल के एक शिक्षक शर्मा जी आगे आते हैं और रामू को अपनी छत्रछाया में ले लेते हैं। वह रामू से कहते हैं कि रामू झोपड़पट्टी को छोड़ उन्हीं के घर आकर रहे और पढ़ाई करे। लेकिन रामू अपने दोस्त मोहन को छोड़ने के लिए राज़ी नहीं होता है।

एक दिन मोहन सुनता है कि कोई (अशोक) मीना को पुकार रहा है तो वह उत्सुक्तता से अपनी बहन से मिलने आगे बढ़ता है लेकिन उसके भिखारी होने की वजह से मीना उसको पहचानने से इन्कार कर देती है। बाद में मीना अशोक को सब सच बता देती है। इस बीच मंजु का भी देहान्त हो जाता है। एक दिन गली की लड़ाई में पुलिस रामू को हिरासत में ले लेती है।



# बूथ क्रमांक 270 में भाजपा जिला अध्यक्ष ने सुनी मन की बात, कार्यकर्ताओं से की चर्चा



**सीधी।** भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम बरम बाबा मंडल के बिसुनी टोला के बूथ क्रमांक 270 मे सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ सुनी। मन की बात कार्यक्रम सुनने के पश्चात कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने मन की बात कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कार्यक्रम समाज के सभी वर्गों विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए लाभकारी है। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश में हो रहे कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की मनोबल बढ़ाने वाली जानकारी प्राप्त होती है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष सूबेदार यादव, जिला उपाध्यक्ष अनिल पाण्डेय, जिला महामंत्री विनोद साकेत सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### आपराधिक लापरवाही, जिम्मेदारी समझें जकरबर्ग

फेसबुक की ओनर कंपनी मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग एक बार फिर गलतबयानी के मामले में फंस गए हैं। संसद की आईटी एंड कम्युनिकेशन मामलों की स्टैंडिंग कमिटी उन्हें समन करने वाली है। फेसबुक और मेटा पहले भी तथ्यों के साथ छेड़छाड़ और फेकन्यूज को लेकर ढिलाई जैसे आरोपों में घिरती रही हैं। यह वाकई हैरत की बात है कि जकरबर्ग ने भारत को भी उन देशों में शामिल कर लिया जहां पिछले साल चुनाव में सरकारों ने सत्ता गंवाई। तथ्य यह है कि बीजेपी की सीटें भले कम हुई हों, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए ने बहुमत हासिल कर सरकार में वापसी की। परिणामस्वरूप नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और उनकी सरकार चल रही है। इस तथ्य से जकरबर्ग कैसे अनजान हो सकते हैं? क्या वह जानबूझकर भारत सरकार के बारे में गलत सूचनाएं फैला रहे हैं? जकरबर्ग ने अभी हाल ही में मेटा की कंटेंट मैनेजमेंट पॉलिसी में बड़े बदलाव की घोषणा की है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर लाए जा रहे इन बदलावों के तहत मेटा थर्ड पार्टी फैक्ट चेकिंग का सिस्टम समाप्त करने वाली है। उसकी इस घोषणा को भी अमेरिका में हो रहे सत्ता परिवर्तन से जोड़कर देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि यह ट्रंप समर्थकों को खुश करने की कोशिश है जो फ्री स्पीच के नाम पर फैक्ट चेकिंग की इस व्यवस्था का काफी समय से विरोध कर रहे हैं। 2018 में सामने आए कैंब्रिज एनालिटिका विवाद को भी इस संदर्भ में याद किया जा सकता है जिसमें यूजर्स के पर्सनल डेटा की सुरक्षा का सवाल प्रमुखता से उभरा था। ऐसे और भी मामले हैं जिनसे यह संदेह मजबूत होता है कि फेसबुक जैसे सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल सिर्फ अधिक से अधिक मुनाफा हासिल करने के मकसद से हो रहा है। समाज को होने वाले नुकसान की तरफ पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा। इस तरह की गैर जिम्मेदारी खतरनाक हो सकती है और इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती।

# हिमालय पिका को रहता है सर्दियों के लिए मौसम के संकेतों का इंतजार

(आरती मेनन)

हिमालय में जलवायु परिवर्तन और बढ़ती मानवीय गतिविधियां बर्फीले इलाकों में पाए जाने वाले हिमालय पिका के अस्तित्व के लिए खतरा है। ये जीव पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।लद्दाख में किए गए एक नए अध्ययन में दो पिका प्रजातियों की सर्दियों में जीवित रहने की रणनीतियों, भोजन संग्रहण की आदतों और उनके बनाए घास-फूस के ढेर में इस्तेमाल की गई सामग्री की जांच की है।शोध से पता चलता है कि दो अलग-अलग प्रजातियां लद्दाख और नुब्रा पिका भोजन इक्ट्ठा करने से पहले मौसम संबंधी विशेष संकेतों का इंतजार करते हैं, साथ ही, उनके द्वारा बनाए गए घास-फूस के ढेर के आकार और संरचना में महत्वपूर्ण अंतर होता है।हिमालय पिका में निश्चित रूप से और भी बहुत कुछ है जो आंखों को दिखाई नहीं देता है। एक सामान्य नजर में, बिना पूंछ वाला ये चूहा पहाड़ी इलाकों में इधर-उधर भागता, प्यारा, छोटा, फुर्तीला सा जीव लग सकता है। लेकिन वास्तव में, हिमालय के ऊंचे पहाड़ों में ये छोटे स्तनधारी पारिस्थितिकी तंत्रों में अहम भूमिका निभाते हैं, खासकर पौधों की विविधता बढ़ाने में।

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, (आईआईएसईआर) तिरुपति में एसोसिएट प्रोफेसर नंदिनी राजमणि ने इन प्रजातियों का गहन अध्ययन किया है और वह पिका की तुलना किसानों से करती हैं। उनका मानना है कि पिकाओं के बस्तियों के आसपास अक्सर पौधों की विविधता देखी जाती है। वे लगातार खुदाई और मिट्टी की स्थितियों को बदलते रहते हैं, जिससे विभिन्न प्रकार के पौधे उगने में मदद मिलती है। इसके अलावा, पिका, मर्मोट व वोल जैसे अन्य छोटे स्तनधारी कई अन्य जीवों जैसे शिकारी पक्षियों, छोटी जंगली बिल्लियों और कैनिड्स आदि के लिए महत्वपूर्ण भोजन स्रोत हैं।

**जलवायु से संबंध:** जलवायु परिवर्तन और बढ़ती मानवीय गतिविधियां ठंडे मौसम में रहने वाली कई प्रजातियों के अस्तित्व को खतरे में डाल रही हैं। राजमणि बताती हैं कि ग्लेशियोलॉजिस्ट हिमालय में ग्लेशियर को पिघलते हुए देख रहे हैं, जिसका स्थानीय सूक्ष्म-पारिस्थितिकी तंत्रों पर व्यापक असर पड़ता है। इनमें से कई का अभी तक आकलन नहीं किया गया है।



ठंडे मौसम में रहने वाली पिका जैसी प्रजातियों के लिए जीवित रहना सिर्फ मौसम पर ही निर्भर नहीं करता, बल्कि पूरे वातावरण पर निर्भर करता है, जिसमें बर्फ के ग्लेशियर और पर्माफ्रॉस्ट का होना जरूरी है। उन्होंने कहा, कोई नहीं जानता कि ठंडे वातावरण पर निर्भर जानवरों की आबादी के साथ क्या होगा; वे नई परिस्थितियों के अनुकूल नहीं हो पाए तो वे गायब हो सकते हैं। वह आगे कहती हैं कि उनके पिछले काम से संकेत मिले हैं कि पिका पहले से ही काफी खतरे में हैं और उनकी आबादी घट रही है। अगर उनके आवास कम होते रहे तो उनके पास कहीं जाने के लिए ज्यादा विकल्प नहीं होंगे।

लद्दाख पिका एक विशेष अध्ययन में दो हिमालयी पिका प्रजाति के घास इकट्ठा करने की आदतों का अध्ययन किया गया। अध्ययन से पता चला कि ये पिका मौसम के संकेतों के आधार पर ही घास इकट्ठा करते हैं।

डीएसटी इंस्पाइर के संकाय और एकेडमी ऑफ साइंटिफिक एंड इनोवेटिव रिसर्च -हिमालयन बायोरिसोर्स टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट में असिस्टेंट प्रोफेसर निश्मा दहल कहती हैं, अधिकांश हिमालयी पिका शायद ही कभी मनुष्यों से मिलते हैं, लेकिन जब वे मिलते हैं, तो आसानी से मिलने वाले भोजन के लिए अक्सर उन्हीं पर निर्भर हो जाते हैं। वह कहती हैं, पहाड़ी ढलानों पर रहने वाले ओचोटोना रॉयली जैसे पिका कभी-कभी मानव निर्मित दीवारों को आश्रय के लिए इस्तेमाल करते हैं। वहीं ओ. नुब्रिका जैसी प्रजातियां इंसानों से बचने की कोशिश करती हैं। इसलिए, जब इंसान उनके इलाके में घुसते हैं तो इन प्रजातियों द्वारा बचने के लिए अपनाई जाने वाली रणनितियां प्रजाति-विशिष्ट प्रतीत होती हैं।

पिका छोटे स्तनधारी जीव हैं, जो लेपोरिडे परिवार के खरगोश और खरहा की तरह, लेगॉमोर्फा वर्ग के ओचोटोनिडे परिवार से आते हैं। पहचानी गई 37 पिका प्रजातियों में से सात भारत में पाई जाती हैं। हालांकि, उनके बारे में सीमित जानकारी उपलब्ध है, क्योंकि पिकाओं पर मौजूद अधिकांश साहित्य पश्चिमी देशों में किए गए अध्ययनों पर आधारित है। आईआईएसईआर तिरुपति के एक शोध दल द्वारा किया गया एक नया अध्ययन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पिका के एक अनोखे मौसमी व्यवहार की पड़ताल करता है जो उनके अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण है। अध्ययन लद्दाख के चांगथांग बायोटिक प्रांत के ठंडे रेगिस्तान से दो पिका प्रजातियों ओचोटोना न्यूब्रिका (नुब्रा पिका) और ओचोटोना लैडासेंसिस (लद्दाख पिका) के घास और भोजन जमा करने के व्यवहार पर केंद्रित है।

**सर्दियों के लिए भोजन :** अगर हम पिका को 'जमाखोर' कहें तो शायद गलत नहीं होगा, क्योंकि इन्हें काफी ज्यादा मात्रा में खाना जमा करने की आदत है। ये अपने मुख्य खाने-पीने की चीजें जैसे पौधे काफी मात्रा में इकट्ठा करके रखते हैं, कभी-कभी तो 23 किलो तक। ये सब प्रजाति और उनके झुंड के आकार पर निर्भर करता है। यह जमाखोरी की आदत इन ठंड के अनुकूल जानवरों के लिए जीवित रहने की एक रणनीति है, क्योंकि काफी ऊंचाई पर, जहां कम खाना उपलब्ध है, भोजन की कमी जानवरों के लिए घातक साबित हो सकती है। पिका घास और पत्ते इकट्ठा करके, उसे सुखाकर और छिपाकर, कड़ी सर्दियों के लिए तैयार हो जाते हैं। इस मौसम में खाद्य संसाधन दुर्लभ हो जाते हैं और कई जीवों की प्रजातियों में मृत्यु दर बढ़ जाती है।

दो अलग-अलग बिलों में लद्दाख पिका के घास के ढेर। अध्ययन में पाया गया है कि लद्दाख पिका घास के बड़े ढेर बनाते हैं और चोरी होने से बचाने के लिए आक्रामक रूप से उनकी रक्षा करते हैं। नए शोध पत्र के प्रमुख लेखक हर्ष कुमार ने लद्दाख में नुब्रा और लद्दाख दोनों पिकाओं को वनस्पति जमा करते देखा, जिससे उन्हें इस व्यवहार के बारे में और जानने की उत्सुकता हुई। उनके स्वभाव में उन्हें काफी अंतर दिखा। लद्दाख पिका अल्पाइन स्टेप्स जैसे खुले आवासों में रहते हैं और शर्मीले पिका की तुलना में आकार में बड़े और साहसी होते हैं, जबकि शर्मीले नुब्रा पिका घने वनस्पति वाले इलाकों में रहना पसंद करते हैं। उनके इस व्यवहार ने उनके मन में और भी सवाल उठाए हैं। लद्दाख पिका के सामाजिक ढांचे भी बड़े होते हैं, जिनमें आमतौर पर 20 से 50 पिका एक साथ रहते हैं। इसके विपरीत, नुब्रा पिका छोटे समूह बनाते हैं, जिनमें आमतौर पर आठ से दस पिका ही मिलेंगे। लेकिन, दोनों प्रजातियों के समूहों के आकार में काफी अंतर हो सकता है। नए अध्ययन की सह-लेखिका राजमणि कहती हैं, हमने लद्दाख में सिर्फ चार जीवों वाली पिका कॉलोनी भी देखी है।

**व्यवहारिक अनुकूलन:** कड़ी सर्दियों के दौरान पिका हाइबरनेट नहीं करते हैं; इसके बजाय, वे जीवित रहने के लिए कई व्यवहारिक अनुकूलन करते हैं। करीब 37 प्रकार की पिका प्रजातियों में से, 21 प्रजातियां नियमित रूप से घास के ढेर बनाती हैं। लेकिन शेष प्रजातियों के बारे में अभी बहुत कम जानकारी उपलब्ध है।

दहल ने नोट किया कि हिमालयी पिका के बीच घास जमा करना अपेक्षाकृत असामान्य है। उन्होंने कुछ प्रजातियों, जैसे ओ. नुब्रिका की सिस्टर प्रजातियां ओ. सिकिमारिया और ओ. कर्जोनिए को कभी-कभी एनर्जी के लिए याक का गोबर खाते भी देखा है।

# ग्रामीण भारत का बदलता आर्थिक परिदृश्य-भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण निवेश अवसर

(सुनील कुमार)

अब लगभग 99 फीसदी ग्रामीण गांव सड़कों बिजली और पुलों से जुड़े हुए हैं। मोबाइल पेनिट्रेशन और डिजिटल कनेक्टिविटी नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुकी है जिसने ग्रामीण भारत को शहरी बाजारों के करीब लाने और व्यवसायों के लिए नए अवसर खोलने में मदद की है। ग्रामीण विकास और उपभोग में वृद्धि पर केंद्रित म्यूचुअल फंड योजनाएं इस बदलाव का लाभ उठाने का एक अनूठा तरीका हो सकती हैं।

ग्रामीण भारत तेजी से प्रगति कर रहा है। यह क्षेत्र अब केवल कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था नहीं है; बल्कि यह एक वाइब्रेंट, मल्टी-सेक्टर ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहा है। मैन्युफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन, और ट्रेड जैसे क्षेत्रों ने पिछले कुछ दशकों में कृषि पर अत्यधिक निर्भरता को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह विविधीकरण और बुनियादी ढांचे में हुए बड़े सुधार ग्रामीण भारत को एक उभरते हुए निवेश हॉटस्पॉट के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

लगभग 99 प्रतिशत ग्रामीण गांव अब सड़कों, बिजली, और पुलों से जुड़े हुए हैं। मोबाइल पेनिट्रेशन और डिजिटल कनेक्टिविटी नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुकी है, जिसने ग्रामीण भारत को शहरी बाजारों के करीब लाने और व्यवसायों के लिए नए अवसर खोलने में मदद की है। स्वस्थ्ल से लेकर



ई-कॉमर्स तक, विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती क्रय शक्ति और बदलते उपभोग पैटर्न का लाभ उठा रही हैं। साक्षरता दर में सुधार और बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के साथ, ग्रामीण भारत न केवल आकार में बढ़ रहा है, बल्कि अपनी आर्थिक क्षमता में भी वृद्धि कर रहा है। प्रति व्यक्ति आय 2,000 को पार कर चुकी है, जिससे डिस्पोजेबल आय में भारी वृद्धि हुई है और ग्रामीण खपत को बढ़ावा मिला है। परिणामस्वरूप, विवेकाधीन व्यय बढ़ रहा है। ग्रामीण व्यय में खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी घट रही है, जो यह दर्शाता है कि अब गैर-आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर अधिक खर्च किया जा रहा है। यह बदलता हुआ आर्थिक परिदृश्य, आय के स्तर में लगातार वृद्धि के साथ, एक दशक पहले शहरी भारत में देखी गई प्रवृत्ति को दिखाता है, जब शहरी खपत में बड़ा उछाल आया था। आज, भारत की दो-तिहाई आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 46त्र का योगदान देती है। ऐसे में ग्रामीण अर्थव्यवस्था निवेश के लिए एक आकर्षक अवसर प्रस्तुत करती है। निवेशकों के लिए, ग्रामीण क्षेत्र अब भारत की समग्र विकास यात्रा में शामिल होने का एक सुनहरा अवसर है। ग्रामीण विकास और उपभोग में वृद्धि पर केंद्रित म्यूचुअल फंड योजनाएं इस बदलाव का लाभ उठाने का एक अनूठा तरीका हो सकती हैं। जैसे-जैसे बुनियादी ढांचा मजबूत होगा और आय के स्तर में वृद्धि होगी, ग्रामीण भारत, भारत के आर्थिक भविष्य को एक नई दिशा देने में सक्षम होगा। यह इसे किसी भी निवेश पोर्टफोलियो के लिए एक आकर्षक अवसर बनाता है। इसी संदर्भ में, निवेशक ICICI Prudential Rural Opportunities Fund पर विचार कर सकते हैं। यह ICICI Prudential Mutual Fund की ओर से पेश किया गया एक नया फंड ऑफर (NFO) है, जो 9 जनवरी, 2025 से 23 जनवरी, 2025 तक खुला है। यह ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम मुख्य रूप से उन सेक्टर्स और कंपनियों में निवेश करने पर केंद्रित है, जो ग्रामीण भारत के विकास को बढ़ावा देते हैं और उससे लाभ उठाते हैं। इस लेख में व्यक्त किए गए विचार लेखक के हैं।

## वर्ग पहेली 5618

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | |
| 7 | | | | | 8 | | 9 |
| | | | | 10 | | | |
| 11 | 12 | | | | 13 | | |
| 14 | | | 15 | | | | |
| 16 | | 17 | | | 18 | 19 | |
| | 20 | | | 21 | | 22 | |
| | | | 23 | | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. सितंबर 1927 को इस बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी और प्रसिद्ध साहित्यकार ने जन्म लिया था इस साहित्यकार ने पूर्व प्रसारित धारावाहिक महाभारत की पटकथा लिखी थी (7)
7. हल्का बुखार, ज्वर अनुभुति (4)
8. वायु द्वारा उत्पन्न (3)
10. निरूत्तर, चुप, खामोश (2)
11. मानवीय, पौरूषेय, मानुषिका (3)
13. सियार, श्रृंगाल, निशामृग (3)
14. अभ्युदय काल, उन्नति के दिन, वैभव काल (2)
15. संगीत में स्वरों का राग सहित उच्चारण, संभाषण, लंबी तान (3)
16. इस अभिनेत्री ने पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहसिन खान से विवाह किया था (4)
18. तीन, तीसरा (संस्कृत)(2)
20. क्षमताहीन, जो थक चुका हो (2)
22. द्वेष (2)
23. हथेली पर जल लेकर मंत्रपूर्वक पढ़ते हुए पीना (4)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. वर्तमान दौर का यह शायर मूलतःइंदौर का निवासी है (6)
2. डायमंड ज्वेल बीयरिंग, अनमोल रत्न (2)
3. रेडियो (वायरलेस) के आविष्कारक (4)
4. धागा, तंतु, बंदीजन, विजित दास (2)
5. जावक पत्र, इनडैंट, चालान पत्र (6)
6. कोटि, उत्पन्न, घटित, नवजात शिशु (2)
9. पाशबद्ध करना, ठिठुरना, मजबूती से पकड़ना (4)
12. वाराणसी से करीब 6 किमी उत्तरपूर्व में बौद्धों का एक तीर्थस्थल जिसे सारंगनाथ भी कहते है (4)
15. इंकग, जमा प्रविष्टि (2)
17. पूर्णिमा की रात को यह भी कहा जाता है (2)
19. भरोसा, विश्वास, ऐतबार (3)
21. अनुसंधान, इन्क्वायरी, जांचने की क्रिया या भाव (2)

### वर्ग पहेली 5617 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मृ | ता | प्री | त | म | | कौ |
| स | ग | र | | र | ह | मा | न |
| मा | या | | स | फ | ल | ता | |
| न | | आ | मा | दा | | | वि |
| ता | न | | न | र | सों | | व |
| | ज्ञ | न | ता | | ठ | ग | ना |
| कु | रा | न | | हां | | ज्ञ | |
| | ना | द | ना | | बा | रा | त |

# समुद्र मंथन का सार

महाकुम्भ केवल धार्मिक पर्व नहीं है, इसका गहरा आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व भी है। इसकी भव्यता, इसका दिव्य प्रभाव आज के समय में भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना पौराणिक काल में था। समुद्र मंथन की घटना के दौरान अमृत और विष का निकलना एक प्रतीकात्मक संकेत है, जो हमें सिखाता है कि जीवन में शुद्धता और संतुलन प्राप्त करने के लिए मंथन, साधना और आत्म-निरीक्षण आवश्यक हैं।समुद्र मंथन की कथा हमारे समाज और जीवन को एक गहरी सीख देती है। जैसे समुद्र मंथन से विष निकला और उसने संपूर्ण सृष्टि के लिए खतरे का संकेत दिया, वैसे ही आज के समय में प्रदूषण ने पृथ्वी को एक गंभीर संकट में डाल दिया है। पूरी पृथ्वी पर यह अपना नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। अगर प्रदूषण का स्तर और बढ़ता है, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए यह विनाशकारी हो सकता है।यही समय है कि हम प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने के लिए एकजुट हों। महाकुम्भ सामूहिक रूप से कार्य करने की शक्ति को दर्शाता है। इसमें भाग लेने वाले लाखों श्रद्धालु नदियों में स्नान करते हुए आंतरिक शांति की खोज करते हैं। यह सामूहिक प्रयास समाज में शांति, प्रेम और सहयोग को बढ़ावा देता है और धर्म, संस्कृति व आध्यात्मिकता के उच्च आदर्शों को पुनः स्थापित करता है। महाकुम्भ का आयोजन एक सामाजिक चेतना का जागरण है, जो सृष्टि के कल्याण के लिए कार्य करता है। इसलिए जैसे समुद्र मंथन से विष को अलग किया गया और अमृत को प्राप्त किया गया, वैसे ही अगर हम प्रदूषण को नियंत्रित करते हैं और पर्यावरण संरक्षण के प्रयास करते हैं, तो हम पृथ्वी पर जीवन को शुद्ध और समृद्ध बना सकते हैं।प्रदूषण को कम करने के लिए हमें कई कदम उठाने होंगे। पुनर्नवीनीकरण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण और नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग हमारे पर्यावरण की रक्षा में सहायक हो सकता है। यदि हम प्रदूषण को कम करते हैं और पर्यावरण का संरक्षण करते हैं, तो हम अमृत की तरह शांति, समृद्धि और संतुलन को भी प्राप्त कर सकते हैं। समुद्र मंथन से हमें यह भी सीखने को मिलता है कि जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए हम सबको अपनी-अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और सामूहिक रूप से प्रयास करना होगा। प्रदूषण से मुक्ति और पर्यावरण का संरक्षण हमारी भावी पीढ़ियों के लिए अमृत प्राप्ति से कम नहीं है। इसलिए महाकुम्भ हमें यह भी याद दिलाता है कि जैसे समुद्र मंथन से निकले अमृत ने इस सृष्टि को जीवन दिया, वैसे ही हमें प्रदूषण से मुक्ति पाकर इस पृथ्वी को शुद्ध और जीवनदायिनी बनाना है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन काफी बिजी रहेगी और आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। आपको अपने बच?चों के काम से काफी इधर-उधर जाना पड़ सकता है। ऑफिस में सहकर्मी और घर में छोटे लोग आपका साथ देंगे। किसी से उपहार मिलने से मन खुश रहेगा।

### वृष

आज दिन शुभ है और भाग्य आपका साथ देगा। पैसों के मामले में दिन मिलाजुला रहेगा। सहकर्मियों की मदद से आप समय से पहले काम पूरा कर लेंगे। आपकी योजनाएं सफल होंगी और ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। शाम तक करियर से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

### मिथुन

आज करियर में लाभ होगा। दिन सफलता से भरा रहेगा। आपकी कोई खोई हुई चीज आपको वापस मिल सकती है। पुराना उधार वापस मिल सकता है। इससे आप बहुत खुश होंगे। सारे काम बिना रुकावट पूरे होंगे। पूरे दिन कई सरप्राइज मिलेंगे।

### कर्क

आज भाग्य का साथ मिलेगा। पूरा दिन आनंद में बीतेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। योजनाएं सफल होंगी। नए काम में थोड़ी रुकावट आ सकती है। इसलिए सोच-समझकर काम करें। समय के साथ काम बनते जाएंगे।

### सिंह

आज दिन शुभ है और आपके घर में पूरा दिन काफी खुशी का माहौल रहेगा। प्रॉपर्टी के मामले सुलझ सकते हैं। किसी मुकदमे में जीत हो सकती है। कमाई बढ़ेगी, लेकिन खर्च भी बढ़ेंगे। लेखक और पत्रकारों को सफलता और प्रसिद्धि मिलेगी। लाभ और सम्मान दोनों मिलेंगे। मन खुश रहेगा।

### कन्या

आज दिन शुभ है और किस्मत आपका साथ दे रही है। दिन लाभदायक रहेगा। सहकर्मी आराम के मूड में रहेंगे। उनका मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी और आपको भाग?य का पूरा साथ मिलेगा। आपको हर तरह की मदद मिलेगी।

### तुला

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन सम्मान से भरा होगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और किसी बड़े आयोजन में शामिल हो सकते हैं। विरोधियों को हराएंगे और अपने काम पर आप ठीक से फोकस करके उसे पूरा कर लेंगे।

### वृश्चिक

आज करियर में लाभ होगा और आपको सामाजिक कार्य करने का मौका मिलेगा। ऑफिस का माहौल काम के लिए अच्छा रहेगा। हर काम में सफलता मिलेगी। सम्मान बढ़ेगा। जूनियर कर्मचारियों से कहासुनी हो सकती है।

### धनु

आज शुभ है और आपको करियर में लाभ होगा। रुका हुआ काम पूरा होने से मन प्रसन्न होगा। ऑफिस में माहौल अच्छा बनाने की कोशिश सफल हो सकती है। इसके लिए सहकर्मियों का साथ जरूरी है। फालतू बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर ध्यान लगाएं तो आपको लाभ होगा।

### मकर

आज दिन मिलाजुला रहेगा और करियर के मामले में आपको लाभ होगा। योजनाएं सफल होंगी और आपको मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। खुशी दोगुनी हो जाएगी। पिछले दिनों हुए नुकसान की भरपाई हो सकती है। व्यापार में फैसले सोच-समझकर करें। लाभ होगा और योजनाएं पूरी होंगी।

### कुंभ

आज दिन अनुकूल है और करियर-कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा। दिन की शुरुआत में थोड़ा काम करना पड़ेगा। बाद में सब ठीक हो जाएगा। हर मामले में धैर्य रखें। ऐसा कोई काम न करें जिससे नुकसान हो। आपने एक ही दिन में बहुत सारे रुके हुए काम निपटा लिए हैं। थोड़ा घूमने-फिरने से मन प्रसन्न होगा।

### मीन

आज दिन मिलाजुला रहेगा। किसी सौदे या लेन-देन की चिंता न करें। बढ़ते खर्च पर नियंत्रण करें। इच्छाशक्ति से सब कुछ संभव है। दोस्तों की मदद से किसी बड़े प्रॉजेक्ट को पूरा कर लेंगे। उपहार और सम्मान मिलेंगे। रुकी हुई योजनाएं पूरी होंगी। भाग्य में वृद्धि होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### निजी व्यक्तियों से 1.50 करोड़ रुपये के शिक्षा ऋण पर जवाब दें सिसोदिया : भाजपा

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आप) के



वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया से कुछ निजी व्यक्तियों से 1.50 करोड़ रुपये के शिक्षा ऋण के मामले में जवाब मांगा है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि यह ऋण सिसोदिया के बेटे की विदेश में शिक्षा के लिए लिया गया था। भाजपा पर पलटवार करते हुए आप ने भाजपा से उसके नयी दिल्ली के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा की संपत्ति के बारे में सवाल किया। आम आदमी पार्टी ने एक बयान में कहा, ''मनीष सिसोदिया ने बेटे की पढ़ाई के लिए ऋण लिया तो भाजपा में हड़कंप मच गया, जबकि प्रवेश वर्मा ने 55 करोड़ रुपये निजी ऋण समेत 63 करोड़ रुपये की देनदारी घोषित की और भाजपा इस पर कुछ नहीं कह रही है।'' सिसोदिया के चुनावी हलफनामे का हवाला देते हुए भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री को मिले 1.50 करोड़ रुपये के शिक्षा ऋण में तीन व्यक्तियों ने योगदान दिया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सिसोदिया को मिले ऋण की जांच के लिए एजेंसियों से संपर्क करेगी।

### मणिपुर के काकचिंग में उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल, एजेंसी। मणिपुर पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन 'यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक' (यूपीपीके) के एक सदस्य को काकचिंग जिले से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उग्रवादी को शनिवार को काकचिंग जिले के हियांगलाम लाई पंगाम्बा इलाके से गिरफ्तार किया गया। इस बीच सुरक्षा बलों ने शनिवार को थौबल जिले के लिलोंग पुलिस थाना क्षेत्र से एक सिंगल-बोर बैरल (स्नाइपर), एक देसी राइफल, एक कार्बाइन मैगजीन, थ्री नॉट थ्री मैगजीन, एक हथगोला, एक डेटोनेटर, गोला-बारूद और अन्य सामान जब्त किए।

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस विश्व आर्थिक मंच में भाग लेने के लिए दावोस रवाना

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में भाग लेने के लिए स्विट्जरलैंड के दावोस रवाना हो गए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से रविवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। फडणवीस सोमवार से शुरू हो रहे पांच दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मध्य रात्रि को दावोस रवाना हुए। बयान के अनुसार इस दौरान मुख्यमंत्री डेटा सेंटर, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, इस्पात, खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा, फार्मा, बुनियादी ढांचा और अन्य क्षेत्रों के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इसमें कहा गया है कि महाराष्ट्र को एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। फडणवीस ने मुख्यमंत्री के तौर पर अपने पहले कार्यकाल में तीन बार विश्व आर्थिक मंच में भाग लिया था।

### मणिपुर के कांगपोकपी में 25 एकड़ में अफीम की खेती नष्ट की गई: मुख्यमंत्री

इंफाल, एजेंसी। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि जिला पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दलों ने कांगपोकपी जिले में 25 एकड़ में अफीम की अवैध खेती को नष्ट कर दिया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने की पहल के तहत कांगपोकपी जिला पुलिस और 133 बीएन सीआरपीएफ की दो प्लाटून की एक संयुक्त टीम ने कांगपोकपी के वाई लांगखोंग गांव में एक विशेष अभियान के दौरान 25 एकड़ में अफीम की खेती को नष्ट कर दिया।'' सिंह ने कहा कि इस तरह के अभियान ''मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण हैं और ये पूरी प्रतिबद्धता से जारी रहेंगे।

### राहुल गांधी को किसी संस्था पर भरोसा नहीं, वे खुद संविधान के लिए खतरा: सम्राट चौधरी

पटना, एजेंसी। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राहुल गाँधी को बिहार की जातीय जनगणना पर टिप्पणी करने से पहले बताना चाहिए कि कर्नाटक सरकार ने 2016 में 160 करोड़ रुपये खर्च कर जो जातीय जनगणना करायी, वह 8 साल बाद भी जारी क्यों नहीं हुई? हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में कांग्रेस कब जातीय जनगणना करायेगी? चौधरी ने कहा कि संविधान की दुहाई देने वाले राहुल गांधी खुद संविधान के लिए खतरा बन गए हैं। उन्हें बिहार की जातीय जनगणना ही नहीं, देश का चुनाव आयोग, ईवीएम, संसद और विधान सभाओं के फैसले तक फर्जी लगते हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जातीय जनगणना यदि फर्जी नहीं है, तो राहुल गाँधी उसे जारी कराने का साहस क्यों नहीं दिखाते? 15 जनवरी की तारीख तय होने के बाद किसके दबाव में जनगणना की रिपोर्ट जारी नहीं की गई।

# कश्मीर के लिए ट्रेन चलाने से पहले सियासत, कटरा में उतरकर बदलने का विरोध; रेलवे बता रहा जरूरी





**कश्मीर, एजेंसी।** कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाले रेल लिंक के शुरू होने से पहले ही विवाद खड़ा हो गया है। सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस और विपक्षी दलों की ओर से सवाल उठाया जा रहा है। इनका कहना है कि कश्मीर आने और जाने वाले यात्रियों को कटरा में ट्रेन क्यों बदलनी होगी? इसे लेकर रेलवे अधिकारी कहते हैं कि यह फैसला सुरक्षा कारणों से लिया गया है। इसलिए कश्मीर जाने वाले यात्रियों को कटरा में उतरना होगा और आगे की यात्रा के लिए दूसरी ट्रेन पकड़नी होगी। पहले कहा कि अगर सुरक्षा कारणों से ट्रेन बदवाई जा रही है तो लोगों को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। जब उनके इस बयान की आलोचना हुई तो वह सफाई देने लगे।

सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि घाटी जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा का मुद्दा समझ आता है। मगर, उन्हें कटरा में ट्रेन बदलने के लिए मजबूर करना रेल लिंक परियोजना के मकसद को नाकाम कर देगा। अब्दुल्ला ने एक्स पर पोस्ट करके कहा, किसी भी गलतफहमी की संभावना को दूर करना होगा। हम ट्रेन और यात्रियों की सुरक्षा की आवश्यकता को समझते हैं, लेकिन उन्हें ट्रेन बदलने पर मजबूर करना मूल मकसद को नाकाम कर देगा। इससे हजारों करोड़ रुपये का निवेश बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यात्रियों को ट्रेन बदलने के बजाय कटरा या जम्मू में चेक किया जा सकता है। इसलिए हम ट्रेन बदलने का समर्थन नहीं करते हैं। हालांकि, अभी तक कोई ठोस प्रस्ताव नहीं आया है और जब होगा तो हम अपने सुझाव रखेंगे।

**यात्रियों पर पड़ेगा बोझ, ट्रेन बदलना सही नहीं :** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने कश्मीर आने-जाने वाले रेल यात्रियों को अनिवार्य रूप से कटरा में उतारे जाने संबंधी खबरों की आलोचना की। पार्टी ने इस कदम को लोगों के लिए अनावश्यक असुविधा करार दिया। इस फैसले को घाटी के लोगों पर अनावश्यक बोझ बताया और कहा कि इससे उनकी मुश्किलें और बढ़ेंगी। पीडीपी महासचिव मोहम्मद खुर्शीद आलम ने कहा कि यह कश्मीरियों के लिए सुविधा के बहुप्रचारित वादे को कमजोर करता है। उन्होंने कहा, वर्षों से हमें बताया जा रहा था कि कश्मीर के लिए ट्रेन सेवा से आम लोगों को लाभ होगा और यात्रा आसान होगी। इस नए निर्देश से पता चलता है कि कश्मीरी अब भी कोई वास्तविक यात्रा सुविधा पाने से दूर हैं। ट्रेन सेवाएं दिखावे से अधिक कुछ नहीं साबित हो रही हैं, जिनका उद्घाटन बड़े धूमधाम से किया गया था। उन्होंने इस व्यवस्था को यात्रियों, खासकर बुजुर्गों और चिकित्सा उपचार के लिए यात्रा करने वाले लोगों पर अतिरिक्त बोझ बताया।

**जम्मू पर नकारात्मक असर की बात गलत :** उमर अब्दुल्ला ने कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच सीधी रेल सेवा शुरू होने से जम्मू पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव की आशंकाओं को भी खारिज किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि काफी समय से लंबित इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र को भरपूर लाभ मिले। उन्होंने कहा कि रेल सेवा को लेकर लोगों में कुछ चिंताएं हैं, खासकर जम्मू में। उन्होंने कहा, अक्सर कहा जाता है कि जब रेल सेवा पठानकोट से जम्मू पहुंची तो पठानकोट में स्थिति थोड़ी कठिन हो गई। यहां भी, कुछ स्थानों पर यह धारणा है कि अगर रेलगाड़ियां जम्मू से सीधे कश्मीर पहुंच गईं तो जम्मू को भी पठानकोट जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। मैं अपनी सरकार की ओर से जम्मू के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि कश्मीर के लिए रेल सेवा शुरू होने से जम्मू क्षेत्र पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बल्कि हम आश्वस्त करते हैं कि इससे जम्मू को लाभ होगा क्योंकि इससे व्यापार और पर्यटन बढ़ेगा और दोनों क्षेत्रों के बीच यात्रा भी बढ़ेगी।

## बीएसएफ ने राजस्थान के बाड़मेर में जमीन में दबाया गया हथियारों का जखीरा बरामद किया: सूत्र



**बाड़मेर, एजेंसी।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने राजस्थान के बाड़मेर में जमीन में दबाया गया हथियारों का जखीरा बरामद किया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि सीमा पर बाड़ के पास रेत में छिपाए गए नौ एमएम की चार ग्लॉक पिस्तौल, आठ मैगजीन और 78 कारतूस बरामद किए गए।

बीएसएफ (गुजरात फ्रंटियर) के एक सूत्र ने बताया, ''सीमा के पास संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर हमने सूचना के आधार पर शुक्रवार को बीजराड़ पुलिस थाना क्षेत्र में भभूते की ढाणी के पास तलाश अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान, सीमा पर बाड़ से थोड़ी दूरी पर रेत के टीले में छिपाकर रखे गए अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया गया।''

उन्होंने कहा, ''माना जा रहा है कि हथियारों को पाकिस्तान से तस्करी कर भारत लाया गया है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां ??हाई अलर्ट पर हैं।'' बीएसएफ और पुलिस की टीम, अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर क्षेत्र में व्यापक तलाश अभियान संचालित कर रही हैं और इस बात की जांच कर रही हैं कि ये हथियार भारत में कैसे पहुंचे? देश में कुछ ही दिन में गणतंत्र दिवस मनाया जाना है ऐसे में हथियारों की बरामदगी को संवेदनशील मामला माना जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि खुफिया एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि क्या यह किसी बड़ी साजिश का हिस्सा है।

## बेंगलुरु के वायुसेना स्टेशन क्षेत्र के पास नॉन-वेज व्यंजन परोसने या बेचने पर पूर्ण प्रतिबंध

**बेंगलुरु, एजेंसी।** एयरो इंडिया 2025 एयरशो के मद्देनजर ब्रुहट बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) ने वायुसेना स्टेशन क्षेत्र के पास मांसाहारी भोजन की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। ब्रुहट बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) वह नगर निगम है जो बेंगलुरु शहर को नियंत्रित करता है। एयरो इंडिया देश का सबसे बड़ा एयर शो है। यह फरवरी के दूसरे सप्ताह में आयोजित होने वाला है। इस आयोजन से पहले नगर निगम ने घोषणा की है कि 23 जनवरी से आयोजन स्थल के 13 किलोमीटर के दायरे में सभी मीट स्टॉल, होटल, रेस्टोरेंट, मीट, मछली और चिकन की दुकानें बंद कर दी जाएंगी और नॉन-वेज व्यंजन परोसने या बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। यह कदम विमान अभ्यास सत्रों के दौरान पक्षियों के टकराने से बचने के लिए सुरक्षा एहतियात के तौर पर उठाया गया है। इस कदम से शिकारी पक्षियों, खासकर चील, जो बचे हुए भोजन और मांस के कचरे को खाते हैं, को एयर शो के दौरान आसमान से दूर रखने में मदद मिलने की उम्मीद है। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, यदि सार्वजनिक नोटिस का उल्लंघन किया जाता है, तो पार्टी को बीबीएमपी अधिनियम 2020 और भारतीय विमान नियम 1937 के नियम 91 के तहत दंडित किया जाएगा।

## अत्यधिक ठंड वाले इलाकों में वंदे भारत चलाने के लिए ट्रेन में किए गए महत्वपूर्ण बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे ने अत्याधिक ठंडे इलाकों में देश की फ्लैगशिप ट्रेन वंदे भारत चलाने के लिए इसमें कई बदलाव किए हैं। इसमें अत्यधिक तापमान में बाथरूम में बर्फ न जमे और ड्राइवर के शीशों पर बर्फ न जमे साथ ही भाप भी इकट्ठा न हो इसके लिए गर्म पानी समेत तमाम हीटिंग इंसुलेशन जोड़े गए हैं। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने आईएएनएस से बात करते हुए बताया, ÷इस ट्रेन में आवश्यकता के अनुसार चीजें जोड़ी गई हैं। ट्रेन में सबसे बड़ी समस्या शून्य तापमान पर पानी के टैंक और पाइपलाइन में पानी का जम जाना है, जिसकी वजह से जलापूर्ति प्रभावित होती है। इसे हल करने के लिए पानी की पाइपलाइन और टैंक में सिलिकॉन इंसुलेशन और हीटिंग की व्यवस्था की गई है, ताकि पानी का तापमान स्थिर रहे। इसके अलावा, टॉयलेट में जाने वाले व्यक्तियों को भी दिक्कत होती है, विशेष रूप से शून्य तापमान में। इसे ध्यान में रखते हुए, टॉयलेट में ब्लोअर वेंडर्स लगाए गए हैं। साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से लोको पायलट ट्रेन को सुरक्षित तरीके से चला सकें, इसके लिए लोको पायलट के कैब में कुछ बदलाव किए गए हैं।÷ उन्होंने कहा, ÷ड्राइवर के सामने की विंड स्क्रीन दो परतों की बनाई गई है, जिनके बीच हीटिंग एलिमेंट्स दिए गए हैं। इस व्यवस्था से बर्फ शीशे पर चिपकने से बचती है, क्योंकि हीटिंग एलिमेंट्स की वजह से बर्फ नीचे गिर जाती है और चिपकती नहीं है। इसके अलावा, वाइपर के वॉशर्स में गर्म पानी धीरे-धीरे बहता है, जिससे बर्फ और भाप शीशे से हट जाती है। इस तकनीक से ड्राइवर को स्नोफॉल में भी गाड़ी चलाने में आसानी होगी।÷ उन्होंने कहा,





÷जहां तक ट्रेन के मार्ग का सवाल है, यह निर्णय होना बाकी है कि जम्मू-कश्मीर लिंक पूरी तरह से तैयार नहीं है। रिपोर्ट आ चुकी है और हम अभी उसकी अध्ययन कर रहे हैं कि इसमें और क्या सुधार किया जा सकता है। अध्ययन के बाद समय सारणी, ऑपरेशन, कंफर्ट और सुरक्षा प्रोटोकॉल का मूल्यांकन किया जाएगा, जिसके बाद ट्रेन को चलाने का निर्णय लिया जाएगा।

## अयोध्या राम मंदिर; मौनी अमावस्या से बसंत पंचमी तक बंद रहेंगे वीआईपी दर्शन

**अयोध्या, एजेंसी।** मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी पर राम मंदिर में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए रामलला के दर्शन के समय में बदलाव करने का फैसला लिया गया है. इसके अलावा मौनी अमावस्या से लेकर बसंत पंचमी तक वीआईपी दर्शन पर रोक रहेगी. श्रद्धालुओं के लिए दर्शन लेन की संख्या भी बढ़ाई जाएगी. फास्ट टैग लाइन भी तैयार की जाएगी. शहर में जगह-जगह साइन बोर्ड लगाकर सामानों को मंदिर परिसर से दूर रखकर आने की अपील भी की जाएगी. 29 जनवरी को मौनी अमावस्या है. इस दौरान प्रयागराज में लगे महाकुंभ मेले में काफी भीड़ जुटेगी. इसी कड़ी में 2 फरवरी को बसंत पचंमी मनाई जानी है. ऐसे में अनुमान है कि महाकुंभ आने वाले काफी भक्त अयोध्या भी आएंगे. राम नगरी में पहले से ही काफी भीड़ चल रही है, इसे लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है. मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचेंगे. ऐसे में यहां के इंतजामों को व्यवस्थित रखना आवश्यक है. आकलन करने का प्रयास किया गया है कि मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी पर कितनी संख्या में लोग राम नगरी पहुंच सकते हैं, जिससे सुगमता के साथ उन्हें रामलला के दर्शन कराए जा सकें. मंडलायुक्त ने कहा कि राम मंदिर के अंदर सीमित क्षमता है, ऐसे में लोगों को एक साथ दर्शन मिल पाना संभव नहीं है. परिसर में कैपिसिटी बढ़ाने के लिए कुछ एडिशनल लेन बनाए जाने हैं. इसके साथ ही सुगम दर्शन और विशिष्ट दर्शन के पास को स्थगित किया जाएगा. जिससे आम जनता ज्यादा से ज्यादा संख्या में दर्शन कर सकें, आम दर्शन सुबह 6.30 से रात 9.30 तक होते हैं।

## गैंगरेप केसः जब तक जांच पूरी न हो, तब तक पद से इस्तीफा दें मोहन बड़ौलीः अनिल विज



**चंडीगढ़, एजेंसी।** गैंगरेप मामले में फंसे हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली से उन्हीं की सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने इस्तीफा मांग लिया है। अनिल विज ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली पर लगे आरोपों की जांच हो रही है। गवाह ने कहा है कि मैं निर्दोष हूं और बड़ौली भी कह रहे हैं कि मैं निर्दोष हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि हिमाचल पुलिस की जांच में वे निर्दोष साबित होंगे। जब तक हिमाचल प्रदेश पुलिस उन्हें निर्दोष साबित नहीं कर देती या जब तक जांच पूरी न हो, तब तक पार्टी की पवित्रता को बनाए रखने के लिए उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

**14 जनवरी 2025 को सामने आई थी एफआईआर :** एक युवती की शिकायत पर मोहन लाल बड़ौली और हरियाणवी सिंगर रॉकी मित्तल के खिलाफ 13 दिसंबर 2024 को कसौली थाना में गैंगरेप का मामला दर्ज किया गया था। एफआईआर की कॉपी 14 जनवरी 2025 को सामने आई थी। 16 जनवरी को आरोप लगाने वाली महिला की फ्रेंड मीडिया के सामने आई थी और उसने कहा था कि होटल में कोई गैंगरेप नहीं हुआ। वह कभी बड़ौली से नहीं मिली। होटल में वह सिर्फ रॉकी मित्तल से मिली थी और उसका नाम जबरन गवाह के तौर पर एफआईआर में डलवा दिया गया है।

**दोबारा अध्यक्ष बनने की राह हुई मुश्किल :** वहीं, हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की राजनीतिक मुश्किलें बढ़ गई हैं। बड़ौली पिछले साल जुलाई में हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष बने थे। बड़ौली के एक बार फिर से भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनने की संभावना थी, लेकिन हिमाचल प्रदेश के कसौली थाने में उनके विरुद्ध दर्ज दुष्कर्म की रिपोर्ट ने उनकी फिर से अध्यक्ष बनने की राह में अड़चनें पैदा कर दी हैं। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अब बाकी दावेदार भाजपा के राजनीतिक गलियारों में सक्रिय हो गए हैं। दुष्कर्म कांड में क्लीन चिट मिलने के बाद भी उन्हें दोबारा कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी।

## जम्मू-कश्मीरः विधायक ने 180 करोड़ रुपए की परियोजना को लेकर केंद्रीय पर्यटन मंत्री से मुलाकात की

**नई दिल्ली/श्रीनगर, एजेंसी।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने श्रीनगर के कई जल निकायों को पर्यावरण और पर्यटन के अनुकूल विकसित करने का आश्वासन दिया है. जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक तनवीर सादिक ने शनिवार को इसकी जानकारी दी. उन्होंने नई दिल्ली में पर्यटन मंत्री के साथ बैठक के दौरान 180 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत की. ये श्रीनगर में डल, खुशालसर, गिलसर और अंचारसर में मीर बेहरी के विकास पर केंद्रित है. सादिक ने कहा, मैं केंद्रीय मंत्री का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने आश्वासन दिया है कि इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा. यह परियोजना न केवल स्थानीय समुदायों का उत्थान करेगी बल्कि एक स्थायी पर्यटन स्थल के रूप में जम्मू और कश्मीर की वैश्विक प्रतिष्ठा को भी बढ़ाएगी. उन्होंने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को भी इसके लिए धन्यवाद दिया. उमर अब्दुल्ला पर्यटन मंत्री भी हैं. उन्होंने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य इन जल निकायों की अनूठी पारिस्थितिकी और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना है ताकि पर्यटन का लाभ स्थानीय समुदायों को मिल सके.



सादिक के अनुसार यह पहल पार्टी के घोषणापत्र में किए गए वादों के अनुरूप है और इन क्षेत्रों के समग्र विकास के प्रति समर्पण को दर्शाती है. उन्होंने कहा, प्रस्ताव में बुनियादी ढांचे को उन्नत करने, बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाने और समुदाय आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन की गई स्थायी पहलों की रूपरेखा दी गई है. सादिक ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य इन क्षेत्रों की प्राकृतिक भव्यता और लगभग 30,000-35,000 निवासियों की चुनौतीपूर्ण जीवन स्थितियों के बीच की खाई को पाटना है, जो इन जल निकायों को अपना घर कहते हैं।

# हिमाचल में अलग-अलग पैराग्लाइडिंग हादसों में 2 की मौत, हवा में टकराए ग्लाइडर

**धर्मशाला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा और कुल्लू जिलों में 24 घंटे के भीतर दो अलग-अलग पैराग्लाइडिंग हादसों में दो पर्यटकों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि ये पर्यटक गुजरात और तमिलनाडु के थे। धर्मशाला में अहमदाबाद की एक 19 साल की युवती की मौत हो गई। हादसा शनिवार शाम करीब 5 बजे इंद्रू नाग पैराग्लाइडिंग टेक-ऑफ प्वाइंट पर हुआ। हादसे में पैराग्लाइडिंग सहायक गाइड को मामूली चोटें आई हैं।

**परिवार के साथ घूमने आई थी युवती :** धर्मशाला में उड़ान के थोड़ी ही देर बाद हादसा हो गया जिसमें गंभीर चोटें आने के बाद युवती को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान खुशी भवसार (19) पुत्री जिग्नेश निवासी सहजानंद एवेन्यू, नारणपुरा, अहमदाबाद गुजरात के रूप में हुई है। जानकारी अनुसार, खुशी अपने परिवार के साथ धर्मशाला की यात्रा पर थी और साहसिक खेलों का आनंद लेना चाहती थी।

**घायल पायलट की पहचान :** पैराग्लाइडिंग पायलट की पहचान मुनिश कुमार (29) के रूप में हुई है, जो जिला कांगड़ा के धर्मशाला के टाहू चोला गांव का रहने वाला है। मुनिश को हादसे में मामूली चोटें आई हैं और



वह सुरक्षित बच गए हैं।

**पैराग्लाइडर का संतुलन बिगड़ा :** प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद पैराग्लाइडर का संतुलन बिगड़ गया जिससे दोनों जमीन पर गिर गए। खुशी को गंभीर चोटें लगीं और उसे तत्काल जोनल अस्पताल धर्मशाला ले जाया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। वहीं पायलट मुनिश कुमार को मामूली चोटें आने के बाद प्राथमिक उपचार दिया गया।

**हादसे के कारणों की जांच :** पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को परिवार को सौंप दिया जाएगा। मृतका के परिवार को सूचना दे दी गई है। धर्मशाला पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है कि क्या यह घटना तकनीकी खराबी के कारण हुई या सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई थी।

**पायलट से पूछताछ :** पैराग्लाइडिंग के दौरान सुरक्षा उपायों की बार-बार अनदेखी होने के आरोप पहले भी लग चुके हैं।पुलिस और प्रशासन इस मामले में पायलट से पूछताछ कर रही है। शुरुआती जांच में टेक-ऑफ प्वाइंट और पैराग्लाइडिंग उपकरणों की स्थिति का जायजा लिया जा रहा है।

**बढ़ते हादसे चिंताजनक :** धर्मशाला खासकर इंद्रू नाग टेक-ऑफ प्वाइंट साहसिक खेलों के लिए लोकप्रिय है। हर साल सैकड़ों पर्यटक यहां पैराग्लाइडिंग का रोमांच अनुभव करने आते हैं। हालांकि हाल के वर्षों में पैराग्लाइडिंग के दौरान दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी और उपकरणों की ठीक से जांच न होना इन घटनाओं के मुख्य कारण बताए जाते हैं।

आईपीएल 2025

# लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी संभाल सकते हैं ऋषभ पंत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टार भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 संस्करण से पहले संजिका गोयनका के स्वामित्व वाली लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का कप्तान बनाया जा सकता है। दाएं हाथ के बल्लेबाज केएल राहुल को आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले लखनऊ फ्रैंचाइजी ने रिटेन नहीं किया जबकि उन्होंने कैश-रिच लीग के अपने पहले दो संस्करणों में टीम को प्लेऑफ में पहुंचाया था। राहुल को रिटेन न करने के बाद स्त्ल टीम के पास पंत और श्रेयस अय्यर के बीच भूमिका के लिए चयन करने के लिए दो विकल्प थे इसलिए फ्रैंचाइजी और प्रबंधन ने पूर्व के साथ जाने का विकल्प चुना।

पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए जिन्हें जेद्दा में आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा। स्त्ल फ्रैंचाइजी इस टूर्नामेंट में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बाद दूसरी टीम होगी। उन्होंने हमवतन श्रेयस अय्यर को हराया, जो कुछ मिनट पहले ही पंजाब किंग्स (पीबीकेएस ) द्वारा 26.75 करोड़ रुपए में खरीदे गए लीग के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क को पछाड़ा जिन्होंने 24.75 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड तोड़ बोली के साथ वर्षों बाद आईपीएल में वापसी की थी।



शुरू में एलएसजी और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच बोली लगाने की जंग हुई, जिसमें बाद में हार मान ली गई। सनराइजर्स हैदराबाद (स्त्र्ा) ने अपने विस्फोटक बल्लेबाजी आक्रमण को मजबूत करने की कोशिश में बोली लगाने की जंग में प्रवेश किया और डीसी ने 'राइट टू मैच' कार्ड का इस्तेमाल करने की कोशिश की, लेकिन वे पंत के लिए स्त्ल द्वारा लगाई गई कीमत से मेल नहीं खा सके और वे अय्यर से भी आगे निकल गए।

पंत ने 2016 से अपने पूरे आईपीएल करियर में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने 110 मैचों में 35.31 की औसत से 3,284 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और 18 अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्हें 2021 में टीम का कप्तान नियुक्त किया गया और उन्होंने उसी सीजन में उन्हें प्लेऑफ में पहुंचाया। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले स्त्ल ने अनकैप्ड स्टार मोहसिन खान और आयुष बदोनी के साथ निकोलस पूरन, मयंक यादव और रवि बिश्नोई को रिटेन किया।

लखनऊ स्थित फ्रैंचाइजी ने 14 में से सात मैच जीतकर 14 अंकों के साथ स्टैंडिंग में 7वें स्थान पर अपना आईपीएल 2024 का सफर समाप्त किया।

### लखनऊ सुपर जायंट्स टीम

**बल्लेबाज** - एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, आयुष बदोनी (रिटेन), हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्जके।

**विकेटकीपर** -ऋषभ पंत, निकोलस पूरन (रिटेन), आर्यन जुयाल।

**ऑलराउंडर** - अब्दुल समद (स्पिनर), मिशेल मार्श (तेज गेंदबाज), शाहबाज अहमद (स्पिनर), युवराज चौधरी (स्पिनर), राजवर्धन हंगरगेकर (तेज गेंदबाज), अर्शिन कुलकर्णी (तेज गेंदबाज)।

**स्पिनर** - रवि बिश्नोई (बरकरार), एम सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह।

**तेज गेंदबाज** - मयंक यादव (बरकरार), मोहसिन खान (बरकरार), आकाश दीप, आवेश खान, आकाश सिंह, शमर जोसेफ,

## इंडिया ओपन बैडमिंटन में भारत की चुनौती खत्म

### सात्विक-चिराग की डबल्स जोड़ी सेमीफाइनल हारी; मलेशियन पेयर ने सीधे गेम में हराया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडिया ओपन बैडमिंटन 2025 में लगातार मिली निराशा के बाद भारत की चुनौती ही खत्म हो गई। सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी की जोड़ी को मलेशिया के एसएफ गोह और एन इज्जुदिन की जोड़ी ने सेमीफाइनल में सीधे गेम में हराकर बाहर कर दिया।

नई दिल्ली के केडी जाधव इनडोर हॉल में विमेंस सिंगल्स में पीवी सिंधु और मेंस सिंगल्स में किरण जॉर्ज को हार का सामना करना पड़ा था। टूर्नामेंट का फाइनल रविवार को खेला जाएगा। इनमें भारत से किसी भी कैटेगरी में चुनौती नहीं मिलेगी।

**सीधे गेम में हारे सात्विक-चिराग-** मलेशिया के एसएफ गोह और एन इज्जुदिन की जोड़ी के सामने भारतीय जोड़ी ने 18-21 से पहला गेम गंवा दिया। दोनों ने 14-21 से दूसरा गेम गंवाया और सेमीफाइनल मलेशियन जोड़ी ने जीत लिया। फाइनल में मलेशियन प्लेयर्स का सामना साउथ कोरिया के एच किम और एसजे सिओ की जोड़ी से होगा। दोनों ने मलेशिया की दूसरी जोड़ी को सीधे गेम में सेमीफाइनल हराया।

सात्विक-चिराग ने पहले राउंड में मलेशिया के मैन वेई चोंग और काई वुन टी की जोड़ी को 23-21, 19-21, 21-16 से हराया। जापान के केन्या मित्सुहाशी और हीरोकी ओकामुरा की जोड़ी को इंडियन पेयर ने 20-22, 21-14, 21-16 से दूसरा राउंड हराया। फिर क्वार्टर फाइनल में दोनों ने साउथ कोरिया के जिन योंग और कांग मिन ह्यूक की जोड़ी को 21-10, 21-17 से हराया।

## विमेंस प्रीमियर लीग का पहला मैच 14 फरवरी को गुजरात-बेंगलुरु के बीच

### 15 मार्च को मुंबई में फाइनल, 4 वेन्यू पर 22 मैच खेले जाएंगे

**मुंबई (एजेंसी)।** विमेंस प्रीमियर लीग के तीसरे सीजन का शेड्यूल रिलीज हो गया है। 14 फरवरी को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात जायंट्स के बीच वडोदरा में ओपनिंग मैच होगा। मुंबई में 13 मार्च को एलिमिनेटर और 15 मार्च को फाइनल खेला जाएगा।

इस बार 2 की बजाय 4 वेन्यू पर मुकाबले होंगे। लखनऊ और बेंगलुरु बाकी 2 वेन्यू हैं। टूर्नामेंट में 5 ही टीमें रहेंगी, सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 2-2 मैच खेलेगी। इस तरह एक टीम 8 मैच खेलेगी। टूर्नामेंट में टोटल 22 मैच होंगे।

**एक भी डबल हेडर नहीं-** विमेंस प्रीमियर लीग में 14 फरवरी से 11 मार्च तक लीग स्टेज के 20 मैच होंगे। 20 और 23 फरवरी के साथ 2, 4, 5 और 9 मार्च को रेस्ट डे हैं, इस दिन कोई मुकाबला नहीं होगा। बाकी सभी दिन शाम 7.30 बजे से 1-1 मैच खेला जाएगा। यानी एक भी दिन 2 मैच नहीं खेले जाएंगे। प्लेऑफ के दौरान 12 और 14 मार्च को कोई मैच नहीं होगा।

**बेंगलुरु में सबसे ज्यादा 8 मैच-** सीजन-3 में 4 वेन्यू पर मैच होंगे। वडोदरा में 14 से 19 फरवरी तक 6 मैच खेले जाएंगे। फिर बेंगलुरु में 21 फरवरी से 1 मार्च तक 8 मैच होंगे। यहां की होम टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दूसरे सीजन का खिताब जीता था ।

# साजिद और अबरार का कहर, पाकिस्तान की वेस्टइंडीज पर बड़ी जीत

### साजिद खान 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे

**मुल्तान (एजेंसी)।** कप्तान शान मसूद (52) की अर्धशतकीय पारी के बाद साजिद खान (पांच विकेट) और अबरार अहमद (चार) की घातक गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में 123 के स्कोर पर ढ़ेर कर मुकाबला 127 रनों से जीत लिया हैं। मैच में कुल नौ विकेट लेने वाले साजिद खान को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा गया।

251 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण का सामना अधिक देर तक नहीं कर पायी और पूरी टीम 36.3 ओवर में 123 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज के ऐलेक ऐथनेज ने सर्वाधिक (55) रनों की पारी खेली। टेविन इमलाक (14), मिकाइल लुईस (13), क्रेग ब्रैथवेट (12), केविन सिंक्लेयर (10) रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पाकिस्तान की ओर से साजिद खान ने 15 ओवर में 50 रन देकर पांच विकेट लिए। अबरार अहमद ने 11.3 ओवर में 27 रन देकर चार विकेट झटके। नोमान अली ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

आज यहां इससे पहले गेंदबाजों की मददगार पिच पर जोमेल वारिकन (32 रन देकर सात विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को दूसरी पारी में 157 के स्कोर पर समेट दिया। वेस्टइंडीज को जीत के लिए 251 रनों का लक्ष्य मिला था। पाकिस्तान ने कल के दूसरी पारी में तीन विकेट 109 रन के आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में सऊद शकील (दो) रन बनाकर आउट हुये। उन्हें वारिकन ने ग्रीव्स के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद वारिकन ने मोहम्मद रिजवान(दो) को भी अपना शिकार बना लिया।



बल्लेबाजी करने आए आगा सलमान ने कामरान गुलाम के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 38वें ओवर में वॉरिकन ने कामरान गुलाम (27) को आउटकर पाकिस्तान को छठा झटका दिया। नोमान अली (दो), साजिद खान (पांच), खुरर्म शहजाद (शून्य) पर आउट हुये। 47वें ओवर में गुडाकेश मोती ने आगा सलमान (14) को आउटकर 157 के स्कोर पर पाकिस्तान की दूसरी पारी का अंत कर दिया। पहली पारी के आधार पर मिली बढ़त के आधार पर वेस्टइंडीज को जीत के लिए 251रनों का लक्ष्य मिला। वेस्टइंडीज की ओर जोमेल वारिकन ने 18 ओवरों में 32 रन देकर सात विकेट लिए। पाकिस्तान ने पहली पारी में 230 रन बनाये थे। वहीं वेस्टइंडीज की पहली पारी 137 के स्कोर पर सिमट गई थी।

**पाकिस्तान दूसरी पारी - 109/3 (31 ओवर)** - पाकिस्तान ने दूसरी पारी में दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट खोकर 109 रन बना लिए हैं। कप्तान शान मसूद ने मोहम्मद हुरैन के साथ मिलकर पहली विकेट के लिए 67 रन जोड़े। मोहम्मद 29 रन बनाकर आऊट हो गए। इस दौरान बाबर आजम फिर से विफल रहे और 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। शान मसूद ने टीम के लिए 52 रन बनाए। फिलहाल क्रीज पर गुलाम और सऊद शकील खड़े हैं।

**विंडीज पहली पारी - 137 रन -** विंडीज की शुरूआत बेहद खराब रही। स्पिनर साजिद खान ने शुरू से ही दबाव बनाते हुए विंडीज टीम के पहले 5 ओवर में ही 4 विकेट चटका लिए। इसके बाद नोमान अली सक्रिय हो गए। उन्होंने एलिक और जस्टिन ग्रीव्स के साथ केविन सिंक्लेयर और मोती (19) का विकेट निकाला। दोनों की घूमती गेंदों का विंडीज बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। अंतिम विकेट के लिए जोमेल वारिकन और जेडन सील्स ने फाइट की और स्कोर 137 तक पहुंचाया। वारिकन ने 31 तो जेडन ने 22 रन बनाए।

**पाकिस्तान पहली पारी -230 रन** - बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान को वेस्टइंडीज के गेंदबाज जेडेन सील्स के कहर का समाना करना पड़ा। मैच में एक समय पाकिस्तान ने 13.3 ओवर में 46 के स्कोर पर अवने 4 विकेट गंवा दिए थे। मोहम्मद हुरैरा (6), कप्तान शान मसूद (11), कामरान गुलाम (5) और बाबर आजम (5) रन बनाकर आउट हुए। खराब रोशनी के कारण जब मैच रोका गया तो पाकिस्तान के 4 विकेट पर 143 रन थे। मैच के दूसरे दिन शकील (84) और मोहम्मद रिजवान (71) ने स्कोर आगे बढ़ाया लेकिन उनके आऊट होते ही टीम भी 230 रन पर ढेरी हो गई। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स ने 27 रन देकर 3, वारीकेन ने 69 रन देकर 3 तो केविन ने 61 रन देकर 2 विकेट लिए।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11 -

**वेस्टइंडीज** - क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), मिकाइल लुइस, कीसी कार्टी, केवम हॉज, एलिक अथानाजे, जस्टिन ग्रीव्स, टेविन इमलाच (विकेटकीपर), गुडाकेश मोती, केविन सिंक्लेयर, जोमेल वारिकन, जेडन सील्स।

**पाकिस्तान** - शान मसूद (कप्तान), मुहम्मद हुरैरा, बाबर आजम, कामरान गुलाम, सऊद शकील, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), सलमान आगा, साजिद खान, नोमान अली, खुर्रम शहजाद, अबरार अहमद।

# अल्काराज ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

### प्रतिद्वंदी ब्रिटेन के ड्रेपर चोटिल होकर रिटायर; गौफ-सबालेंका भी जीतीं



**मेलबर्न (एजेंसी)।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ऑस्ट्रेलियन ओपन के मेंस सिंग्ल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। अल्काराज के प्रतिद्वंदी ब्रिटेन के नंबर-1 जैक ड्रेपर चौथे राउंड में चोटिल होकर रिटायर हो गए।

15वीं सीड ड्रेपर मेलबर्न के रॉड लेवर एरिना में 4 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्काराज के खिलाफ 7-5, 6-1 से पीछे थे, तभी उनकी चोट ज्यादा परेशान करने लगी और वे रिटायर हो गए। इससे पहले, 23 साल के ड्रेपर को कूल्हे की चोट की वजह से पहले सेट के बाद मेडिकल उपचार के लिए कोर्ट से बाहर बाहर जाना पड़ा था।अल्काराज ने ड्रेपर को गले लगाकर विदाई दी।

**सबालेंका ने एंड्रीवा को 6-1, 6-2 से हराया-** विमेंस सिंग्ल्स में वर्ल्ड की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने मेलबर्न पार्क पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने सीधे सेटों में जीत दर्ज की। पिछली दो बार की चैंपियन सबालेंका ने चौथे राउंड में रूस की मीरा एंड्रीवा को 6-1, 6-2 से हराया।

### बोपन्ना की जोड़ी को वॉकओवर मिला

भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और चीनी जोड़ीदार झांग शुआई ने रविवार को दूसरे दौर के मैच में वॉकओवर मिलने के बाद मिक्स्ड डबल्स के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और शुआई का मुकाबला अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और मोनाको के ह्यूगो निस से था, लेकिन यह जोड़ी खेलने के लिए नहीं उतरी।

### ऑस्ट्रेलियन ओपन का इतिहास

ऑस्ट्रेलियन ओपन साल का पहला ग्रैंड स्लैम होता है। लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने इस टूर्नामेंट को 1905 में शुरू किया था, जिसे पहले ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप कहा जाता था। बाद में लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया टेनिस ऑस्ट्रेलिया बन गया। इसके बाद ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप को ऑस्ट्रेलियन ओपन नाम दे दिया गया। 1969 से इस टेनिस टूर्नामेंट को आधिकारिक तौर पर ऑस्ट्रेलियन ओपन के नाम से जाना जाने लगा।

## पूर्व बीएससी कमिश्नर इकबाल सिंह चहल ने मुंबई हॉफ मैराथन में हासिल की दुर्लभ उपलब्धि

**मुंबई (एजेंसी)।** टाटा ग्रुप द्वारा मुंबई हॉफ मैराथन (21 किलोमीटर) का आयोजन किया गया जिसमें बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के पूर्व आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने 21 किलोमीटर दौड़कर मुंबई मैराथन के 20वें संस्करण को सफलतापूर्वक पूरा किया। चहल ने वार्षिक वैश्विक आयोजन के सभी संस्करणों में हॉफ मैराथन पूरा करने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल की। ??मुंबई हॉफ मैराथन की शुरूआत 2004 में की गई थी और इकबाल सिंह तब से ही इसमें हिस्सा ले रहे हैं। टाटा मुंबई मैराथन 2025 में पूर्व बीएमसी आयुक्त ने 21 किलोमीटर (हाफ मैराथन) पूरा करने में 2 घंटे 20 मिनट और 24 सेकंड का समय लिया। गौरतलब है कि हॉफ मैराथन रेती बंदर/माहिम दरगाह उरुस ग्राउंड से शुरू हुई जो माहिम चर्च जंक्शन के ठीक बगल में है। इकबाल सिंह को 8 मई 2020 को नगर आयुक्त नियुक्त किया गया था और उन्होंने लगभग चार साल तक सेवा की। उन्होंने अधिकतम शहर में कोविड-19 बुनियादी ढांचा स्थापित करने के लिए प्रशंसा प्राप्त की।

# जडेजा रणजी के प्रैक्टिस सेशन में शामिल हुए

### दिल्ली के खिलाफ खेल सकते हैं, 2023 में आखिरी बार खेला था रणजी



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा घरेलू ड्यूटी पर लौट आए हैं। उन्होंने रविवार की सुबह सौराष्ट्र टीम के साथ रणजी प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लिया। जडेजा के प्रैक्टिस सेशन में शामिल होने से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि वह रणजी ट्रॉफी 2024-25 के दूसरे लेग में सौराष्ट्र की ओर से खेल सकते हैं। सौराष्ट्र का सामना 23 जनवरी को राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम के पास ग्राउंड सी में दिल्ली से होगा।

सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एससीए) के अधिकारियों की ओर से अभी तक कोई बयान नहीं आया है कि वह खेलेंगे या नहीं, लेकिन कहा जा रहा है कि उनके खेलने की पूरी संभावना है। जडेजा ने आखिरी बार जनवरी 2023 में चेन्नई में तमिलनाडु के खिलाफ सौराष्ट्र का नेतृत्व करते हुए रणजी मैच खेला था।

**जडेजा चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया के स्क्वॉड में शामिल-** बीसीसीआई ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए शनिवार को टीम इंडिया का ऐलान किया। मुंबई वानखेड़े स्टेडियम में सिलेक्टर अजित अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा ने 15 मेंबर्स वाले भारतीय दल के नाम बताए। स्क्वॉड में 4 ऑलराउंडर्स रखे गए हैं। इसमें एक रवींद्र जडेजा का नाम भी है।

**हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा- रणजी खेलें सीनियर खिलाड़ी-** बीजीटी हारने के बाद भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा था कि भारतीय टीम के सीनियर खिलाड़ियों को अपने बैटिंग स्किल्स सुधारने के लिए समय-समय पर रणजी सहित अन्य डोमेस्टिक खेलने होंगे।

**रिव्यू मीटिंग में डोमेस्टिक खेलना अनिवार्य हुआ-** पिछले हफ्ते बीसीसीआई ने मुंबई स्थिति बीसीसीआई के हेड क्वार्टर में भारतीय टीम के प्रदर्शन की समीक्षा की।



# कर्नाटक ने 5वीं बार विजय हजारे ट्रॉफी जीती

### विदर्भ को 36 रन से हराया, फाइनल में नहीं चले करुण नायर, स्मरण ने शतक लगाया

**वडोदरा (एजेंसी)।** मयंक अग्रवाल की कप्तानी में कर्नाटक ने 5 साल बाद विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब जीता। टीम आखिरी बार 2019-20 के सीजन में चैंपियन बनी थी।

कर्नाटक ने 5वीं बार विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब जीत लिया। टीम ने रविवार को पहली बार फाइनल खेल रही विदर्भ को 36 रन से हराया। वडोदरा में कर्नाटक ने पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट खोकर 348 रन बनाए। जवाब में विदर्भ 312 रन ही बना सका।

सीजन में 5 शतक लगाने वाले विदर्भ के कप्तान करुण नायर 27 रन ही बना सके। ओपनर ध्रुव शोरे ने सेंचुरी लगाई, लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। कर्नाटक से मिडिल ऑर्डर बैटर रविचंद्रन स्मरण ने 101 रन की पारी खेली। टीम से प्रसिद्ध कृष्णा, वासुकी कौशिक और अभिलाष शेट्टी ने 3-3 विकेट लिए।

**कर्नाटक ने 3 विकेट जल्दी गंवाए-** कोटाम्बी स्टेडियम में विदर्भ ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। कर्नाटक की शुरुआत खराब रही, टीम ने 67 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। कप्तान मयंक अग्रवाल 32, देवदत्त पडिक्कल 8 और केवी अनीश 23 ही रन बना सके। स्मरण ने फिर विकेटकीपर कृष्णन श्रीजीत के साथ पारी संभाली। दोनों ने टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचा दिया।

**स्मरण की सेंचुरी, श्रीजीत ने फिफ्टी लगाई-** श्रीजित 78 रन बनाकर आउट हुए, उन्होंने स्मरण के साथ चौथे विकेट के लिए 160 रन की पार्टनरशिप की। स्मरण ने सेंचुरी लगाई और टीम का स्कोर 300 के पार पहुंचाया। उन्होंने अभिनव मनोहर के साथ पांचवें विकेट के लिए 106 रन जोड़े। स्मरण ने 101 रन बनाए, वहीं मनोहर 79 रन बनाकर आउट हुए।

कर्नाटक से आखिर में हार्दिक राज ने 12 और श्रेयस गोपाल ने 3 रन बनाए और स्कोर 348 रन तक पहुंचा दिया। विदर्भ से दर्शन नालकंडे और नचिकेत भुते ने 2-2 विकेट लिए।

### विदर्भ से ध्रुव को नहीं मिला किसी का साथ

349 रन के टारगेट के सामने विदर्भ ने 6 के रन रेट से बैटिंग की। ओपनर ध्रुव शोरे एक एंड पर टिक गए, लेकिन उनके सामने लगातार विकेट गिरने लगे। यश राठौड़ 22, करुण नायर 27, यश कदम 15, विकेटकीपर जितेश शर्मा 34 और शुभम दुबे 8 ही रन बनाकर आउट हो गए।प्रसिद्ध कृष्णा ने विदर्भ के कप्तान करुण नायर को फाइनल में बोल्ड किया।

### ध्रुव के विकेट से खत्म हुईं विदर्भ की उम्मीदें

ध्रुव शोरे ने सेंचुरी लगाई, वह 110 रन बनाकर आउट हुए और विदर्भ के फाइनल जीतने की उम्मीदें खत्म हो गईं। उनके बाद अपूर्व वानखेड़े 12, नचिकेत भुते ने 5 और दर्शन नालकंडे ने 11 रन बनाए। हर्ष दुबे ने तेजी से 63 रन बनाए, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। विदर्भ 312 रन बनाकर ऑलआउट हुआ। कर्नाटक से वासुकी कौशिक, प्रसिद्ध कृष्णा और अभिलाष शेट्टी ने 3-3 विकेट लिए।

# बोर्ड परीक्षाओं के लिए केन्द्रवार कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त

**पन्ना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की आगामी 25 एवं 27 फरवरी से प्रारंभ होने वाली हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल सहित अन्य परीक्षाओं के लिए परीक्षा केन्द्रवार कलेक्टर प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर सुरेश कुमार ने मंडल की सत्र 2024-25 की परीक्षाओं के दृष्टिगत परीक्षा दिवस पर पुलिस थाना से प्रश्न पत्र निकालने एवं संबंधित परीक्षा केन्द्र तक केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष के साथ सुरक्षित पहुंचाने के लिए 48 कलेक्टर प्रतिनिधियों को नियुक्त किया है। पुलिस थाना सिटी कोतवाली पन्ना अंतर्गत परीक्षा केन्द्र शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय क्रमांक 1 पन्ना के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार शशिकांत दुबे, शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय पन्ना के लिए राजस्व निरीक्षक कृष्ण कुमार दुबे, शासकीय आर.पी. उ.मा. विद्यालय क्रमांक 2 पन्ना के लिए राजस्व निरीक्षक रघवा कोल, शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय पन्ना के लिए सहायक अधीक्षक भू अभिलेख शिवनाथ प्रसाद सोनी एवं परीक्षा केन्द्र नेशनल पब्लिक स्कूल पन्ना के लिए सहायक अधीक्षक भू अभिलेख शाकम्भरी प्रसाद द्विवेदी को कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इसी तरह पुलिस थाना बृजपुर क्षेत्र अंतर्गत परीक्षा केन्द्र शासकीय उ.मा. विद्यालय बृजपुर के लिए राजस्व निरीक्षक कमल किशोर शर्मा, पुलिस थाना सलेहा अंतर्गत शासकीय उ.मा. विद्यालय सलेहा के लिए राजस्व निरीक्षक लोला प्रसाद रावत, शासकीय उ.मा. विद्यालय पटना तमोली के लिए पटवारी मानवेन्द्र सिंह एवं पंडित शिव गोविन्द गर्ग उ.मा. विद्यालय सलेहा के लिए पटवारी सौरभ राय, पुलिस थाना पवई अंतर्गत शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय पवई के लिए नायब तहसीलदार शिवम कुमार गौतम, शासकीय उ.मा. विद्यालय कृष्णगढ़ के लिए पटवारी चारूचंदन मिश्रा एवं सरस्वती उ.मा. विद्यालय पवई के लिए राजस्व निरीक्षक विवेक यादव, पुलिस चौकी कल्दा के तहत शासकीय उ.मा. विद्यालय कल्दा के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार राजेन्द्र श्रीवास्तव, पुलिस थाना देवेन्द्रनगर अंतर्गत शासकीय उ.मा. विद्यालय देवेन्द्रनगर के लिए पटवारी सुरेन्द्र वर्मा, शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय देवेन्द्रनगर के लिए राजस्व निरीक्षक रामकृपाल साकेत, सरस्वती उ.मा. विद्यालय देवेन्द्रनगर के लिए पटवारी वैभव जैन, पुलिस थाना अजयगढ़ अंतर्गत शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय अजयगढ़ के लिए पटवारी निखिल गौतम, शासकीय उ.मा. विद्यालय हरदी के लिए पटवारी सुनील कुमार अहिरवार, शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय अजयगढ़ के लिए प्रभारी



नायब तहसीलदार धनीराम अहिरवार एवं मॉडल उ.मा. विद्यालय अजयगढ़ के लिए राजस्व निरीक्षक राजकुमार वर्मा, पुलिस थाना शाहनगर अंतर्गत शासकीय उ.मा. विद्यालय शाहनगर के लिए नायब तहसीलदार विक्टर रोड्रिक्स, शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय शाहनगर के लिए राजस्व निरीक्षक कृष्ण कुमार शर्मा, शासकीय उ.मा. विद्यालय बिसानी के लिए राजस्व निरीक्षक फुलेल रावत, पुलिस चौकी बोरी के तहत शासकीय उ.मा. विद्यालय बोरी के लिए पटवारी हरदास पटेल, पुलिस थाना अमानगंज अंतर्गत शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय अमानगंज के लिए राजस्व निरीक्षक भोला प्रसाद साकेत, शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय अमानगंज के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार हेमंत कुमार अवधिया, शासकीय उ.मा. विद्यालय द्वारी के लिए राजस्व निरीक्षक प्रमोद कुमार प्रजापति, सरस्वती उ.मा. विद्यालय अमानगंज के लिए राजस्व निरीक्षक लक्ष्मण सिंह को कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। पुलिस चौकी महेबा के तहत शासकीय उ.मा. विद्यालय महेबा के लिए पटवारी राजेश कुमार सिंह, पुलिस चौकी ककरहटी के तहत शासकीय उ.मा. विद्यालय ककरहटी के लिए पटवारी शिव कुमार खरे, पुलिस थाना सिमरिया अंतर्गत शासकीय उ.मा. विद्यालय सिमरिया के लिए राजस्व निरीक्षक ओमकार सिंह, पुलिस चौकी हरदुआ खम्हरिया के तहत शासकीय उ.मा. विद्यालय हरदुआ खम्हरिया के लिए राजस्व निरीक्षक महाराज सिंह, पुलिस थाना सुनवानीकला अंतर्गत शासकीय उ.मा. विद्यालय सुनवानीकला के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार पुन्नूलाल सांड्या, पुलिस थाना रैपुरा अंतर्गत शासकीय उ.मा. विद्यालय रैपुरा के लिए राजस्व निरीक्षक राम कैलाश कोल, शासकीय उ.मा. विद्यालय बघवार के लिए पटवारी जीतेन्द्र कुमार नामदेव, शासकीय उ.मा. विद्यालय बगरौड़ के लिए पटवारी शंकरलाल प्रजापति, पुलिस थाना गुनौर के तहत शासकीय उ.मा. विद्यालय गुनौर के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार राजेश मेहरा एवं सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय गुनौर के लिए राजस्व निरीक्षक शरद कुमार भट्ट, पुलिस चौकी मोहन्द्रा के तहत शासकीय उ.मा. विद्यालय कुंवरपुर के लिए पटवारी रामऔतार वर्मा एवं शासकीय उ.मा. विद्यालय मोहन्द्रा के लिए नायब तहसीलदार सुमित तिवारी, पुलिस चौकी खोरा के तहत शासकीय उ.मा. विद्यालय खोरा के लिए राजस्व निरीक्षक रतन सिंह, पुलिस थाना धरमपुर के तहत शासकीय उ.मा. विद्यालय धमरपुर के लिए पटवारी धीरज पटेल, पुलिस चौकी नरदहा के तहत शासकीय उ.मा. विद्यालय नरदहा के लिए पटवारी नितेश पटेल, पुलिस चौकी पहाड़ीखेरा के तहत शासकीय उ.मा. विद्यालय पहाड़ीखेरा के लिए पटवारी प्रतुल मिश्रा, पुलिस चौकी बराछ के तहत शासकीय उ.मा. विद्यालय बराछ के लिए पटवारी मुकुन्द सिंह गौड़, पुलिस चौकी चंदौरा के तहत शासकीय हाईस्कूल चंदौरा के लिए पटवारी रामदास जैसवाल, पुलिस चौकी बीरा के तहत शासकीय उ.मा. विद्यालय बीरा के लिए राजस्व निरीक्षक रजनीश वर्मा तथा पुलिस चौकी हनुमतपुर के तहत शासकीय उ.मा. विद्यालय सब्दुआ के लिए पटवारी महेन्द्र पाल को कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। समस्त कलेक्टर प्रतिनिधियों को माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# भाजपा नगर मंडल ने आयोजित की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



**पन्ना।** संविधान गौरव अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पन्ना द्वारा एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता पीएम श्री छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना में आयोजित की गई जिसमें संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं भारतीय संविधान पर आधारित 25 प्रश्न रखे गए जिसमे महाविद्यालय के 70 छात्र छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया , कार्यक्रम की रूपरेखा नगर मण्डल अध्यक्ष कैलाश गुप्ता द्वारा रखी गई,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पन्ना विधायक श्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि किस तरह कांग्रेस ने बाबा साहब के नाम का इस्तेमाल किया है कभी भी उनको वो सम्मान नही दिया जिसके वो हकदार हैं, न ही उनकी मंशानुरूप अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समाज का उत्थान किया चाहे उनकी जन्म स्थली को लेकर हो,ये सब कार्य करने का कार्य सिर्फ भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है । इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान किशन मांझी दूसरा स्थान रोहित जाटव ने एवं तृतीय स्थान अखिलेश यादव ने प्राप्त किया पुरस्कार वितरण उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया , कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह जी उपस्थित रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद पन्ना की अध्यक्ष श्रीमती मीना विष्णु पांडे जी संविधान गौरव अभियान के जिला प्रभारी जिला मंत्री कमल लालवानी जी एवं छत्रसाल महाविद्यालय के प्राचार्य श्री एसपी सिंह परमार जी उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष कैलाश गुप्ता द्वारा की गई उपस्थित अन्य अतिथि जनों में छत्रसाल कॉलेज जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष राजेश गौतम जी वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद तिवारी जिला मंत्री एवं पार्षद कविता रैकवार, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री मनीष गोस्वामी, पार्षदगण राजकुमारी लोधी कल्पना यादव, नगर मंडल उपाध्यक्ष सविता चौबे, रवि पांडे , अनिल जड़िया, दीपेश व्यास, महेश साहू संजय अहिरवार , रत्नेश पटेरिया, शशांक वर्मा, नीरज लोधी, अरविंद सिंगरौल,संदेश अग्रवाल, दीपक शर्मा,पूरन यादव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं छात्र छात्राये उपस्थित रही। मंच का सफल संचालन नगर मंत्री दीपेश व्यास द्वारा किया गया।

# नवांकुर संस्थाओं का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न



**पन्ना।** म.प्र. जन अभियान परिषद पन्ना अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं की क्षमतावृद्धि के लिए 17 एवं 18 जनवरी को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आज समापन हुआ। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में सत्र का प्रारंभ पुनरावलोकन एवं प्रशिक्षण की आवश्यकता विषय पर सहायक प्राध्यापक राममोहन तिवारी ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस क्रम में व्यक्तित्व विकास पर परियोजना अधिकारी पीयूष मिश्रा ने प्रकाश डाला। अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, सामाजिक अंकेक्षण विषय पर प्रेमचन्द्र नागर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। विश्लेषण, दस्तावेजीकरण जैसे महत्वषपूर्ण विषयों की जानकारी रोहित डनायक द्वारा प्रदान की गई। इसके उपरांत वार्षिक कार्ययोजना पर परिषद के जिला समन्वयक आनंद पांडेय द्वारा विस्तार से बताया गया। समापन अवसर पर परिचर्चा एवं अनुभव कथन समस्त प्रतिभागियों द्वारा फीडबैक प्रारूप में दिया गया। प्रशिक्षण के अंत में समस्त प्रतिभागियों को जिला समन्वयक द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

**पन्ना।** राज्य शासन द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुरेश कुमार द्वारा जारी आदेशानुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर पन्ना जिले में पूर्णत: शुष्क दिवस घोषित अवधि में जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकानें, वाईन की फुटकर बिक्री (रिटेल आउटलेट), होटल बार (एफएल-3), देशी मद्य भाण्डागार इकाईयां पूर्णत: बंद रखी जायेंगी। मदिरा दुकानों पर बिक्री पूर्णत: निषेध रहेगी एवं संपूर्ण जिले में मदिरा का परिवहन निषिद्ध रहेगा। कलेक्टर ने निर्देश दिये हैं कि शुष्क दिवस में कहीं भी मदिरा का अवैध विक्रय न हो, यह सुनिश्चित करें तथा इसकी सतत् निगरानी की जाये।

# सीएम हेल्प लाईन मे लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कलेक्टर ने कार्यवाही के लिए कमिश्नर को भेजा प्रस्ताव

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों तथा समाधान ऑनलाइन के चयनित विषयों का समय सीमा में निराकरण नहीं करने पर लापरवाह अधिकारियों के विरूद्ध असंचयी प्रभाव से दो-दो वेतनवृद्धि रोकने संबंधी अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव संभागायुक्त सागर को प्रेषित किया है। इन अधिकारियों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शाहनगर रोहित मालवीय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पन्ना आनंद शुक्ला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुनौर धीरज चौधरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पवई अखिलेश कुमार उपाध्याय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अजयगढ़ सतीश नागवंशी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पन्ना अशोक कुमार मिश्रा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी शाहनगर डॉ. रागिनी तिवारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अजयगढ़ नंदपाल सिंह, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गुनौर रामकुमार प्रजापति, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पवई हुकुम सिंह यादव, प्रभारी तहसीलदार अजयगढ़ सुरेन्द्र अहिरवार, तहसीलदार गुनौर रत्नराशि पाण्डेय, प्रभारी तहसीलदार पन्ना अखिलेश प्रजापति, प्रभारी तहसीलदार पवई प्रीति पंथी, तहसीलदार रैपुरा चन्द्रमणि सोनी, तहसीलदार सिमरिया कैलाश प्रसाद कुर्मी, बीएमओ अजयगढ़ डॉ. सुनील अहिरवार, बीएमओ अमानगंज डॉ. अमित मिश्रा, बीएमओ शाहनगर डॉ. सर्वेश लोधी, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग पन्ना के.के. श्रीवास्तव, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग गुनौर ए.के. मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग पवई राजमणि बागरी, उप संचालक कृषि ए.पी. सुमन, सहायक आयुक्त सहकारिता डॉ. अरूण मसराम और जिला संयोजक आर.के. सतनामी की दो-दो वेतनवृद्धि रोकने का प्रस्ताव भेजा गया है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को दिया नोटिस जिला कलेक्टर ने कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी शाहनगर मेघा चंदेल, अजयगढ़ कल्लू पटेल, गुनौर एवं पन्ना प्रदीप त्रिपाठी एवं पवई के जेएसओ प्रताप सिंह को असंचयी प्रभाव से दो-दो वेतनवृद्धि रोकने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

# भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा का किया स्वागत



**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा (डब्बू) को जिला अध्यक्ष बनने के वह भोपाल से पन्ना जिले के लिए पंहुचे जिनका जगह जगह स्वागत किया गया। इसी कड़ी में पन्ना दमोह सीमा पर गैसाबाद में सरपंच संघ के अध्यक्ष बृजमोहन यादव, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अरविन्द यादव तथा पप्पू यादव के नेत्रत्व में जोरदार स्वागत किया गया।

# यातायात प्रभारी द्वारा छत्रसाल महाविद्यालय में एनसीसी कैडिट के छात्रो को यातायात नियमो के प्रति किया गया जागरूक



**पन्ना।** सड़क परिवहन एंव राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार व पुलिस मुख्यालय पी.टी.आर.आई. भोपाल के निर्देशन पर सड़क सुरक्षा जागरूकता माह 2025 का आयोजन किया जा रहा है, इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पन्ना एस.पी.सिंह बघेल के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात नीलम लक्षकार के द्वारा छत्रसाल कॉलेज में एनसीसी कैडिट के छात्र छात्राओ को को नशे की हालत में वाहन न चलाने, गलत तरीके से ओवरटेक न करना, दो पहिया वाहन में हेलमेट धारण करने, बिना सीटबेल्ट के वाहन न चलाना, मोबाइल पर बात करते वाहन न चलाना तथा यातायात नियमों का पालन कर निर्धारित गति में वाहन चालने की समझाईश दी गयी, तथा यातायात नियमो का पालन करने की शपथ दी लाई गयी। इस दौरान महाविद्यालय के छात्र छात्राए तथा अन्य स्टाप भी उपस्थित रहा।

# जल संसाधन विभाग द्वारा सूचना अधिकार के तहत नहीं दी जा रही जानकारी

**पन्ना**

पन्ना जिले के जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम की धज्जियां उडाई जा रही है तथा जानकारी मांगने वाले को जानकारी नहीं दी जा रही है। इसी संबंध में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अरविन्द सिंह यादव द्वारा 13 मई 2024 को आवेदन दिया गया था, लेकिन उन्हे विभाग द्वारा जानकारी नहीं दी गई तो संबंधित के द्वारा अधीक्षण यंत्री जल संसाधन मण्डल छत्तरपुर के समक्ष अपील की गई थी, जिस पर अधिक्षण यंत्री द्वारा 21 अगस्त 2024 को कार्यपालन यंत्री पन्ना को पत्र लिखकर संबंधित आवेदक को




मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थें, लेकिन उसके बावजूद संबंधित द्वारा आज दिनांक तक जानकारी उपलब नहीं कराई गई है। जिससे परेशान हो कर आवेदक द्वारा मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयोग को अपीलीय पत्र भेजकर जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही पन्ना जिला के कलेक्टर से अधिनियम का उल्लघंन करने वाले अधिकारीयों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# कल्दा घाट में अनियंत्रित होकर ऑटो पलटी, एक दर्जन घायल

**पन्ना।** जिलें के सलेहा थाना अन्तर्गत कल्दा घाटी मे अनियंत्रित हो कर आटो पलट गई, जिसमें सवार एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए है, जानकारी के अनुसार घुटेही ग्राम से आटो पर सवार एक दर्जन लोग सलेहा जा रहे थें, इसी दौरान उक्त घटना घटित हुई है। उक्त आटो सिमरहा निवासी आदिवासी युवक की है। घटना की जानकारी डायल हन्ड्रेड तथा सलेहा पुलिस को दी गई जिसमें घायलो को डायल हन्ड्रेड तथा एम्बूलेंस के माध्यम से सलेहा स्वास्थ केन्द्र भेजा गया जहां उनका ईलाज चल रहा है।

# पेड़ पर लटका मिला युवक

**पन्ना।** जिले के बृजपुर थाना अन्तर्गत पुलिस चौकी पहाड़ी खेड़ा मुख्यालय गंगा कालोनी निवासी राजेश उर्फ राज कुमार पिता राम किशोर अहिरवार उम्र 25 वर्ष के द्वारा शीशम के पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर आत्म हत्या करने का मामला सामने आया है, घटना की जानकारी पुलिस को दी गई थी, पुलिस नें पंचनामा बनाकर शव को पेड़ से उतारा तथा पोस्ट मार्टम कर शव परिजनो को सौप दिया तथा मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

# छूटे पात्र हितग्राही आवास के लिए जुड़वा सकेंगे नाम, सर्वे प्रारंभ

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 योजना में नवीन पात्र हितग्राही भी अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसके लिए ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक एवं सचिव द्वारा सर्वे प्रारंभ कर दिया गया है। जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वे में ऐसे पात्र परिवारों के मुखिया का नाम आवास के लिए जोड़ा जाएगा जो पात्र हैं और किसी कारणवश उनका नाम पूर्व के सर्वे में नहीं जोड़ा जा सका था। प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम रोजगार सहायक एवं सचिव को सर्वेयर बनाया गया है। सर्वे का कार्य ऑनलाईन एप आवास प्लस 2024 के माध्यम कराया जा रहा है, जिसमें सर्वेयर संबंधित पात्र हितग्राही का आनलाईन एप के माध्यम से सर्वे करेगें तथा हितग्राही के परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड, हितग्राही का बैंक खाता, जॉब कार्ड के साथ एप से हितग्राही की मौके पर फोटो खींचकर वर्तमान आवास एवं प्रस्तावित आवास निर्माण स्थल का जियो टैग करेंगें। शासन द्वारा हितग्राहियों को इस बार सेल्फ सर्वे की भी सुविधा एप के माध्यम से उपलब्ध कराई गयी है, जिसमें हितग्राही प्ले स्टोर पर जाकर आवास प्लस 2024 एप स्वयं डाउनलोड कर मांगी गई समस्त जानकारियों को अंकित कर अपना नाम जोड़ सकते हैं।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु पंजीयन 20 जनवरी से 31 मार्च तक

**पन्ना।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान 20 जनवरी से 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। किसान स्वयं के मोबाईल से एम.पी. किसान एप के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। किसानों को पंजीयन केन्द्रों में लाईन लगाकर पंजीयन कराने की समस्या से मुक्ति मिलेगी। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये घोषित किया गया है। यह गत वर्ष से 150 रुपये अधिक है। पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र और एम.पी. किसान एप पर भी की गई है।

पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। इन केन्द्रों पर पंजीयन के लिये शुल्क राशि प्राप्त करने के संबंध में कलेक्टर निर्देश जारी करेंगे। प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क निर्धारित नहीं किया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा।

सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। पूर्व वर्षों की किसी अपात्र संस्था में केन्द्र प्रभारी एवं ऑपरेटर को किसी अन्य संस्था में पंजीयन के लिए नहीं रखा जायेगा।

किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। अक्रियाशील बैंक खाते, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम, बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे। पंजीयन व्यवस्था में बेहतर सेवा प्राप्त करने के लिए यह जरूरी होगा कि किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाईल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखें।

सभी जिला कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि जिला और तहसील स्तर पर स्थापित आधार पंजीयन केन्द्रों को क्रियाशील रखा जाए ताकि किसान वहां जाकर आसानी से अपना मोबाईल नंबर एवं बायोमेट्रिक अपडेट करा सकें। इस कार्य के लिए पोस्ट ऑफिस में संचालित आधार सुविधा केन्द्र का भी उपयोग किया जा सकता है। आधार नंबर से बैंक खाता लिंक कराने के लिए बैंकों के साथ भी समन्वय आवश्यक होगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते के सत्यापन हेतु पंजीयन के दौरान ही 1 रूपये का ट्रांजेक्शन मध्यप्रदेश राज्य आपूर्ति निगम द्वारा पोर्टल के माध्यम से कराया जाएगा।

पंजीयन कराने और फसल बेचने के लिए आधार नंबर का वेरीफिकेशन कराना अनिवार्य होगा। वेरीफिकेशन आधार नंबर से लिंक मोबाईल नंबर पर प्राप्त ओटीपी से या बायोमेट्रिक डिवाईस से किया जा सकेगा। किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा जबकि किसान के भू-अभिलेख के खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। भू-अभिलेख और आधार कार्ड में दर्ज नाम में विसंगति होने पर पंजीयन का सत्यापन तहसील कार्यालय से कराया जाएगा।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, सोमवार 20 जनवरी 2025




प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल आज शहीद स्मारक जबलपुर में विजन जबलपुर के नौवे स्थापना दिवस में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने संस्था द्वारा समाज के वरिष्ठ जनों के लिए किये जा रहे कार्यों की सराहना की।



## जनकल्याण शिविरों में आमजनता के आवेदनों का हो रहा निराकरण



**रीवा।** जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत 15 दिसम्बर से 26 जनवरी तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। साथ ही आमजनता के आवेदनों का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। जिले के सभी विकासखण्डों में शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। अब तक जिले में कुल 623 शिविर आयोजित किए गए हैं, जिनमें आमजनता से 70686 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 66374 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि 18 और 19 जनवरी को सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया गया। रीवा जनपद पंचायत के ग्राम अमिरती में आयोजित शिविर में 31 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जनपद पंचायत सिरमौर के ग्राम पंचायत झलवार में आयोजित शिविर में 206 तथा जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान की ग्राम पंचायत तिवरिगवां में आयोजित शिविर में 95 और भौवार में आयोजित शिविर में 29 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, खाद्यान्न पर्ची, संबल योजना में पंजीयन, किसान सम्मान निधि में ई केवाईसी में पंजीयन तथा राजस्व विभाग से संबंधित प्रकरण शामिल हैं।

## प्रयागराज सड़क में सतत निगरानी रखें : कमिश्नर

**रीवा।** प्रयागराज में महाकुंभ मेला 13 जनवरी से शुरू हो गया है। मेले में शामिल होने के लिए प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु रीवा प्रयागराज मार्ग से वाहनों द्वारा प्रयागराज पहुंच रहे हैं। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम तथा नेशनल हाइवे के अधिकारियों को रीवा-प्रयागराज मार्ग में सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि प्रयागराज मार्ग में 24 घंटे बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन हो रहा है। सड़क में जहाँ आवश्यक हो वहाँ तत्काल सुधार कार्य कराएं। क्षतिग्रस्त शोल्डर भी तत्काल ठीक करें। जहाँ आवश्यक हो वहाँ पर्याप्त संख्या में संकेतक लगाएं। सोहागी घाटी की सड़क पर विशेष ध्यान दें। कुंभ में शामिल होने वाले यात्रियों के वाहन बिना किसी बाधा के सरलता से आवागमन कर सकें, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## जनकल्याण शिविर में आमजनता के 66374 आवेदन पत्र हुए मंजूर

### जिले में आयोजित 623 शिविरों में बड़ी संख्या में हुआ आवेदनों का निराकरण

**रीवा।** जिले में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिले में 15 दिसम्बर से 19 जनवरी तक आयोजित 623 शिविरों में कुल 70686 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए। इनमें से 66374 आवेदन पत्र स्वीकार किए गए हैं। शेष 2410 आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। अलग-अलग कारणों से 1883 आवेदन पत्र अमान्य किए गए हैं।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित 468 शिविरों में कुल 57218 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 53190 मंजूर किए गए हैं। विकासखण्ड त्योंथर में 17866, रायपुर कर्चुलियान में 4516, रीवा में 4582, सिरमौर में 10693, गंगेव में 5555 तथा जवा में 14006 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए हैं। इनमें से विकासखण्ड त्योंथर में 17675, रायपुर कर्चुलियान में 4251, रीवा में 3869, सिरमौर में 10163, गंगेव 5271 तथा जवा में 11961 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शहरी क्षेत्र में आयोजित 155 शिविरों में कुल 13468 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 13184 मंजूर किए गए हैं। नगर निगम रीवा में 6345, नगर पंचायत सिरमौर में 448, गुढ़ में 1354, मनगवां में 1181, गोविंदगढ़ में 312, सेमरिया में 994, चाकघाट में 477, त्योंथर में 664, डभौरा में 1013 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 680 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से नगर निगम रीवा में 6329, नगर पंचायत सिरमौर में 418, गुढ़ में 1351, मनगवां में 1180, गोविंदगढ़ में 262, सेमरिया में 979, त्योंथर में 655, डभौरा में 922, चाकघाट में 408 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 680 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शेष लंबित आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

## कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 20 जनवरी को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर टीएल पत्रों, सीएम हेल्पलाइन तथा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की समीक्षा करेंगी। बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए पंजीयन आज से शुरू

### किसानों से 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगा गेंहू का उपार्जन

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। शासन द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 20 जनवरी से 31 मार्च तक होगा। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति नियंत्रक सीबीएस जादौन ने बताया कि रीवा जिले में गेंहू उपार्जन के लिए 85 खरीदी केन्द्र प्रस्तावित किए जा रहे हैं। किसान इन खरीदी केन्द्रों में गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके। पंजीयन कराने के लिए किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। बटाईदार एवं सिकमी किसानों के लिए भी ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गयी है। केवल पंजीकृत किसानों को ही गेंहू उपार्जन का लाभ दिया जायेगा।

## नगर निगम द्वारा बिछिया में आज लगाया जायेगा शिविर

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत रीवा नगर निगम क्षेत्र में जनकल्याण शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि 20 जनवरी को वार्ड क्रमांक 27 के लिए पुराना पुलिस चौकी भवन बिछिया में जनकल्याण शिविर लगाया जा रहा है। आमजनता से शिविर से लाभ उठाने की अपील की गई है।

## जिले भर में जनकल्याण अभियान के लगाये जा रहे हैं शिविर

### जनकल्याण अभियान में 20 और 21 जनवरी को लगेंगे शिविर

**रीवा**

पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 20 और 21 जनवरी को शिविर लगाये जायेंगे।

कलेक्टर ने बताया कि अनुभाग रायपुर कर्चुलियान में 20 जनवरी को पलिया 352 और रघुराजगढ़ तथा 21 जनवरी को कांटी और अवमा 10 में शिविर लगेंगे। अनुभाग हुजूर में 20 जनवरी को कनौजा और दूबी तथा 21 जनवरी को बजरंगपुर और बिहरिया में शिविर लगेंगे। अनुभाग जवा में 20 जनवरी को नष्टिगवां और मदरी तथा 21 जनवरी को सोहावलखुर्द और डपरवार में शिविर लगेंगे। अनुभाग मनगवां में 20 जनवरी को पनगड़ीकला और पताई तथा 21 जनवरी को सिसवा और लालगांव में शिविर लगेंगे। इसी तरह अनुभाग त्योंथर में 20 जनवरी को डीह और कुडरी तथा 21 जनवरी अमिलिया और बसहट में शिविर लगाये जायेंगे। अनुभाग सिरमौर में 20 जनवरी को सिरमौर में पटेहरा सेमरिया, मौहरा और बबैया तथा 21 जनवरी को कुशवार, भमरा और पिपरा में शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने आमजनता से इन शिविरों से लाभ उठाने की अपील की है।

## कलेक्टर ने 6 समिति प्रबंधकों को दिया निलंबन का नोटिस

**रीवा।** जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। उपार्जन समिति के सदस्यों तथा राजस्व अधिकारियों द्वारा खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान 6 खरीदी केन्द्रों में उपार्जन संबंधी व्यवस्थाओं में कमियाँ पाई गईं। खरीदी केन्द्र में नमी मापक यंत्री खराब रहने, तौलकर रखी गई धान की बोरियों में स्टेंसिल नहीं लगाने तथा टैग पर किसान कोड अंकित नहीं होने जैसी कमियाँ मिलीं। खरीदी केन्द्रों में धान की बोरियों की तौल कराने पर धान निर्धारित मात्रा से कम और अधिक पाई गई।

## रीवा की सगी बहनों ने पास की एमपीपीएससी परीक्षा

### एक स्कूल विभाग में सहायक संचालक तो दूसरी वाणिज्य कर निरीक्षक बनेगी



**रीवा।** शनिवार को एमपीपीएससी द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2022 का फाइनल परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिसमें रीवा जिले के त्योंथर तहसील के रक्सहा गांव में एक एएसआई पिता की दोनों बेटियों ने एमपीपीएससी परीक्षा पास करके अधिकारी बनने का सपना पूरा किया है। बड़ी बेटी आरती सिंह का चयन स्कूल शिक्षा विभाग में सहायक संचालक के पद पर हुआ है, जबकि छोटी बेटी पूजा सिंह का चयन वाणिज्य कर निरीक्षक के पद पर हुआ है।

आरती और पूजा ने बताया कि उन्हें तीसरे प्रयास में यह सफलता मिली है। इससे पहले वे दो बार यह परीक्षा पास नहीं कर पाई थीं। लेकिन उनके परिवार वालों ने उन्हें हिम्मत नहीं हारने दी और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

आरती और पूजा के पिता नारायण सिंह पुलिस विभाग में एएसआई हैं और सीधी के आज़ाद थाने में पदस्थ हैं। उनके दो भाई भी हैं। बड़ा भाई सूरज सिंह पंचायत सचिव है और छोटा भाई सौरभ एमपीपीएससी की तैयारी कर रहा है। आरती की शादी हो चुकी है और उनके पति रणबहादुर सिंह सीधी के कमरजी थाने में प्रधान आरक्षक हैं।

आरती और पूजा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और गुरुजनों को दिया है। उन्होंने कहा कि उनके परिवार वालों और शिक्षकों के सहयोग के बिना यह संभव नहीं होता।

## सुधार कार्यों के लिए ईव्हीएम वेयर हाउस खोलने की अनुमति

**रीवा।** ईव्हीएम वेयर हाउस के कक्षों में स्थापित अग्निशमन यंत्रों एवं अन्य भवन संबंधी सुधार कार्य कराए जाने हैं। इसके लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने 15 जनवरी से कार्य समाप्ति तक ईव्हीएम वेयर हाउस खोले जाने की अनुमति प्रदान की है। वेयर हाउस खोलने तथा बंद करते समय सतत वीडियोग्राफी कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## युवा संगम कार्यक्रम आज, रोजगार मेले में 9 कंपनियों द्वारा किया जाएगा युवाओं का चयन

**रीवा।** स्थानीय शासकीय आईटीआई में 20 जनवरी को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। रोजगार मेला युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 9 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 6 हजार रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में यशस्वी ग्रुप भोपाल, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर, बोनटन टेक्नोमेक फर्नीचर प्रा. लि. (आईसेक्ट) इंदौर, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा, ग्रोफास्ट एग्रिटेक प्रा. लि. जबलपुर, प्रगतिशील बायोटेक रीवा, डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्राइवेट लिमिटेड पूणे, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. तथा भारतीय जीवन बीमा रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

## ऑटो चालक की बेटी बनी डिप्टी कलेक्टर, सेल्फ स्टडी से किया मुकाम हासिल



**रीवा।** रीवा में एक ऑटो चालक की बेटी ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा पास करके डिप्टी कलेक्टर बनने का सपना पूरा किया है। उन्होंने बिना कोचिंग के सेल्फ स्टडी से यह मुकाम हासिल किया है।

मध्य प्रदेश के रीवा में एक ऑटो चालक की बेटी ने डिप्टी कलेक्टर बनकर अपने परिवार और विंध्य का नाम रोशन किया है। अमहिया मोहल्ले की रहने वाली आयशा अंसारी के पिता एक ऑटो चालक हैं। आयशा ने कड़ी मेहनत और लगन से मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा 2022 पास की है और डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुई हैं।

आयशा के पास महंगी कोचिंग क्लासेस में जाने के लिए पैसे नहीं थे, इसलिए उन्होंने खुद से ही पढ़ाई की और यह सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि से उनके परिवार और पूरे शहर में खुशी का माहौल है।

आयशा के माता-पिता की इच्छा थी कि उनकी बेटियां पढ़-लिखकर अपना नाम रोशन करें। माता-पिता की इसी प्रेरणा से आयशा ने परीक्षा की तैयारी शुरू की। उन्हें दो बार असफलता मिली, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और तीसरे प्रयास में सफलता हासिल की।

आयशा का कहना है कि ईमानदारी से की गई मेहनत ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि अगर आप किसी मुकाम को हासिल करने की ठान लें और उसके लिए ईमानदारी से मेहनत करें, तो आपको ज़रूर सफलता मिलेगी।

## शादी की रस्मों के बीच 28 वर्षीय दूल्हे को आया हार्ट अटैक, विदाई से पहले हुई मौत

**रीवा।** सागर में एक दूल्हे की शादी की रस्मों के बीच ही मौत हो गई। उसे हार्ट अटैक आया और अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। मध्य प्रदेश के सागर जिले में एक शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। यहां राजघाट रोड स्थित एक मैरिज गार्डन में शनिवार सुबह एक दूल्हे की मौत हो गई। मृतक का नाम हर्षित चौबे (28) है और वह सागर के जैसीनगर का रहने वाला था। उसका गोपालगंज में एक मेडिकल स्टोर था। हर्षित की शादी शुक्रवार को हुई थी। वरमाला और फेरों के बाद शनिवार तड़के 5 बजे जब पांव-पखरी की रस्म हो रही थी, तब अचानक हर्षित गश खाकर गिर पड़ा। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## अटलपार्क में गुड मॉर्निंग ग्रुप ने स्वच्छता अभियान चलाया



**रीवा।** दिनाँक 19 जनवरी 2025 सुबह 7 बजे,दिन रविवार को गुड मॉर्निंग ग्रुप रीवा द्वारा हमारा रीवा,स्वच्छ रीवा की संकल्पना को आगे बढ़ाते हुए स्वच्छता अभियान अटल पार्क के पूरे परिसर में चलाया गया।इस कार्यक्रम के संचालक एड.सुनील अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य की रक्षा के लिए स्वच्छता का होना बहुत जरूरी है।अटलपार्क रीवा के पार्कों में सबसे खूबसूरत और बड़ा पार्क है।इसे स्वच्छ रखना हम सबका नैतिक दायित्व है।जगह जगह डस्टबिन लगे होने के बावजूद लोग कचरा फ़ैलाकर पार्क की सुंदरता एवं पर्यावरण को धूमिल करते है।उन्होंने यहाँ आने वाले प्रत्येक लोगों से अपील करते हुए कहा कि कृपया जो भी खाद्य पदार्थ लाये तो अपने साथ बैग लेकर आएं और जाते समय कचड़े को डस्टबिन में डालते जाएं।इससे दूसरे आने वालों के लिए पार्क स्वच्छ छोड़ कर जाते हैं।साथ ही प्रशासन से मांग कि है पूरे परिसर को सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और संदिग्ध और आपत्तिजनक स्थिति,हालत वाले व्यक्तियों को दण्डित किया जाए।स्वच्छता अभियान में मुख्य रूप से एड.सुनील अग्रवाल, अशोक राजऋषि गुड्डू, रेवाचंद्र आहूजा, राकेश सिंह परिहार,मनोज अग्रवाल, के.पी.सिंह, महेंद्र सिंह, अर्चना द्विवेदी, रमाकांत मिश्रा, अजय सिंह परिहार, रामचंद्र गुप्ता, शारदा अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, जितेंद्र शाह, संदीप सोनी, हरीश कुशवाहा, ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी, अजय प्रधान, दिनेश जैन, प्रभात प्रधान, वी.पी.सिंह, डी. के.सक्सेना, अर्जुन ठरवानी, श्रीवास्तव, रवि अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833